

दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 3 | अंक: 206 जयपुर, शुक्रवार, 05 जुलाई, 2024 | आषाढ़, कृष्ण पक्ष- अमावस्या, विसं 2081 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00






# विश्व विजेताओं का विजय रथ

## मुंबई में टीम इंडिया का अद्भुत..., अतुलनीय और अविश्वसनीय स्वागत

**बेधड़क। मुंबई**

टीम इंडिया के लिए टी-20 विश्व कप 2024 का खिताब ऐतिहासिक रहा। बारबाडोस से लौटने के बाद पहले दिल्ली और फिर मुंबई ने बाहें खोलकर विश्व विजेताओं का स्वागत किया। रोहित शर्मा की कप्तानी वाली भारतीय टीम की मुंबई की विक्ट्री परेड भी ऐतिहासिक बन गई। वर्ल्ड कप जीतने वाली भारतीय क्रिकेट टीम का भव्य और ऐतिहासिक स्वागत करने के लिए मरीन ड्राइव पर लाखों की संख्या में उत्साहित क्रिकेट फैंस बारिश के बीच डटे रहे। विश्व चैंपियन का ऐसा अद्भुत, अतुलनीय और अविश्वसनीय स्वागत न तो कभी देखा गया था और ना ही हमारे देश के अलावा कहीं और देखा जा सकता है। भारत में क्रिकेट महज एक खेल नहीं बल्कि 'जुनून' है। चाहे दिल्ली हो या मुंबई तेज बारिश के बावजूद भी फैंस के उत्साह में कोई कमी नहीं आई।

'मुंबईचा राजा रोहित शर्मा' के जयकारे से वानखेड़े स्टेडियम गूंज उठा। खुलते ही महज 7 मिनट के अंदर पूरा वानखेड़े स्टेडियम भर गया। इससे पहले जब टीम मायानगरी पहुंची तो चर्चगेट के पास नरीमन पॉइंट से वानखेड़े स्टेडियम तक एक किमी के सुरम्य मरीन ड्राइव पर लाइन में खड़े थे। नरीमन पॉइंट से लेकर चर्चगेट तक का पूरा इलाका क्रिकेट फैंस से खचाखच भरा हुआ था। टीम इंडिया वानखेड़े पहुंची तो यहां भी फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। भारतीय टीम के खिलाड़ियों ने यहां जमकर डांस किया। इसके बाद विराट कोहली, रोहित शर्मा और जसप्रीत बुमराह ने फैंस को संबोधित किया। टीम इंडिया को बीसीसीआई की ओर से प्राइज मनी के तौर पर 125 करोड़ रुपए मिले हैं। इससे पहले गुरुवार तड़के भारतीय टीम दिल्ली पहुंची, जहां दिन में टीम ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की थी।

### एयरपोर्ट पर 'वॉटर सैल्यूट'

टी-20 वर्ल्ड कप की जीत के जश्न में दिल्ली से मुंबई गई टीम इंडिया की विस्तारा फ्लाइट को छत्रपति शिवाजी महाराज इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर उतरते हुए 'वॉटर सैल्यूट' दिया गया। रुक-रुक कर हो रही बारिश के बीच आसमान काले मानसूनी बादलों से घिर गया और मरीन ड्राइव पर अचानक सैकड़ों छतरियां खुल गईं। भारतीय टीम गुरुवार शाम को मुंबई एयरपोर्ट पर पहुंची। एयरपोर्ट से बाहर निकलते ही खिलाड़ियों के इर्द-गिर्द भीड़ जमा हो गई। हार्दिक पांड्या ने खिलाड़ियों के एयरपोर्ट से बाहर निकलते ही बेशकीमती टी20 वर्ल्ड कप ट्रॉफी थाम ली।

## जरूरी खबर

### 50 हजार रुपए की रिश्वत लेते ASI अरेस्ट



**जयपुर।** एसीबी जयपुर की टीम ने गुरुवार को अजमेर की नाका मदार पुलिस चौकी के प्रभारी एएसआई नंदभंवर सिंह को 50 हजार की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ ट्रैप किया है। एसीबी मुख्यालय जयपुर के डीएसपी सुरेंद्र पंचोली ने बताया कि आरोपी एएसआई नंदभंवर सिंह धोखाधड़ी के दर्ज एक मामले में परिवादी से मुकदमे की धाराएं बढ़ाने के लिए एक लाख रुपए की मांग कर रहा था। परिवादी ने पूर्व में 50 हजार रुपए का भुगतान कर दिया गया था, जिस पर परिवादी ने मुख्यालय में शिकायत दी थी।

### कोटा में जेईई की तैयारी कर रहे छात्र ने किया सुसाइड

**जयपुर।** कोटा में बिहार से आकर इंजीनियरिंग एंट्रेंस जॉइंट एंट्रेंस एग्जाम मेन व एडवांस्ड की तैयारी कर रहे छात्र संदीप ने सुसाइड कर लिया। वह महावीर नगर थर्ड इलाके में रहता था। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और उसके शव को मोर्चरी में रखवाया है।

बोले- भ्रष्टाचार के दलदल में फंस गई आज की राजनीति

# डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने दिया मंत्री पद से इस्तीफा


- कहा- संगठन या मुख्यमंत्री से कोई नाराजगी नहीं
- आला नेताओं से आज कर सकते हैं मुलाकात

**बेधड़क। जयपुर**

प्रदेश सरकार में कृषि मंत्री व भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ. किरोड़ीलाल मीणा ने मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया है। गुरुवार को जयपुर के मानसरोवर में एक कार्यक्रम के दौरान डॉ. किरोड़ी ने इस्तीफा के सवाल पर हामी भरी। इधर, राज्य सरकार ने उनके विभागों के काम दो राज्य मंत्रियों को बांटा गया हैं।

इस्तीफे के बाद डॉ. किरोड़ी ने कहा कि राजनीति पर धर्म का अंकुश होना चाहिए, वो भ्रष्टाचार के दलदल में फंस गई है। मीणा ने कहा वे दो दिन से दिल्ली में थे। उन्हें पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री ने बातचीत के लिए बुलाया था, लेकिन उनसे मुलाकात नहीं हो सकी। मैंने इस्तीफा देने का कहा था, इसलिए मुकर नहीं सकता। कार्यक्रम में मीणा ने आज की राजनीति पर भी कटाक्ष किया। दरअसल, डॉ. किरोड़ीलाल मीणा ने लोकसभा चुनाव के दौरान कहा था कि उन्हें जिन सीटों की जिम्मेदारी मिली है अगर वो हारते हैं तो इस्तीफा दे देंगे।

### 'प्राण जाई पर बचन न जाई...'



डॉ. किरोड़ी ने कहा हि अथक परिश्रम के बाद भी मैं अपने प्रभाव वाले क्षेत्र में पार्टी को जीता नहीं सका। मैंने चुनाव के दौरान घोषणा कर दी थी। उस घोषणा को मैंने पूरा किया है। दिन-रात मैंने जनता के लिए संघर्ष किया। लेकिन जनता ने मेरी नहीं मानी।, इसलिए मैंने अंतरात्मा की आवाज से पद छोड़ दिया। उन्होंने कहा कि मेरी मुख्यमंत्री से कोई शिकायत नहीं है ना ही कोई संगठन से शिकायत है। ईमानदारी से कह रहा हूं, मैं पार्टी को जीत नहीं दिला पाया। मेरी यह असफलता है और उसी असफलता के कारण मैंने इस्तीफा दिया है। मीणा ने कहा कि जब मैं सरकार में था, तब मैंने आरएएस भर्ती परीक्षा को स्थगित करने की मांग की थी। वह परीक्षा स्थगित कर दी गई। हॉर्टिकल्चर की जमीन कौड़ियों के भाव में अलवर में बेच दी थी। मैंने सरकार का ध्यान आकर्षण किया तो वह जमीन निरस्त हो गई। जल जीवन मिशन के घोटाले की सीबीआई जांच की मांग सरकार से की थी।

### हाई कमान करेगा फैसला

सूत्रों के मुताबिक किरोड़ीलाल मीणा ने कुछ दिन पहले सीएम से मुलाकात की थी। उसी दौरान इस्तीफा दे दिया था। विधानसभा के बजट सत्र के चलते रणनीति के तहत इसे गोपनीय रखा गया। अब हाईकमान के स्तर पर ही इस पर फैसला होगा। दरअसल, पिछले दिनों कृषि विभाग के इंजीनियरों के तबादलों को लेकर भी किरोड़ी और पंचायतीराज मंत्री मदन दिलावर के बीच तनातनी सामने आई थी। पंचायतीराज आयुक्त ने आदेश जारी कर किरोड़ी के विभाग से जारी तबादलों को गलत बताते हुए जॉइनिंग पर रोक लगा दी थी।

### देवासी और विश्नोई को सौंपा जिम्मा

डॉ. किरोड़ी लाल के इस्तीफे के बाद उनके विभाग की जिम्मेदारी ओटाराम देवासी और केके विश्नोई को सौंपी गई है। मुख्यमंत्री भजनलाल ने उन्हें किरोड़ी लाल के विभाग का प्रभार दे दिया है।

राजस्थान विधानसभा की कार्यवाही 9 तक स्थगित

# प्रदेश का बजट 10 को



**बेधड़क | नई दिल्ली**

16वीं राजस्थान विधानसभा के गुरुवार को दूसरे सत्र के बाद अब कार्यवाही 9 जुलाई तक स्थगित कर दी गई। अब 10 जुलाई सुबह 11 बजे से सत्र आरंभ होगा, जिसमें प्रदेश की भजन लाल सरकार का बजट पेश किया जाएगा। गुरुवार को सदन में रीको के वार्षिक प्रतिवेदन पर चर्चा हुई। 14 विधायकों ने चर्चा में भाग लिया।

विधानसभा में मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने बयान देते हुए कहा कि आज विपक्ष इस अहम चर्चा से गायब है, प्रदेश की तरक्की से और उद्योगों के विकास से लगता है कांग्रेस को कोई लेना-देना नहीं है। दूसरी ओर, गुरुवार को विपक्ष द्वारा शिक्षा मंत्री मदन दिलावर का विरोध किया गया। आदिवासियों के डीएनए जांच की टिप्पणी को लेकर विपक्ष ने हंगामा किया। जब मंत्री दिलावर सवाल का जवाब देने खड़े हुए तो विपक्षी सदस्यों ने जमकर नारे लगाए।

### दिलावर के इस्तीफे की मांग पर सदन से बायकॉट

राजस्थान विधानसभा में गुरुवार को शिक्षा मंत्री मदन दिलावर के आदिवासी को लेकर दिए गए बयान पर माफी मांगने और मंत्री पद इस्तीफा देने को लेकर विपक्ष ने सदन की कार्यवाही का बहिष्कार किया। लंच ब्रेक के बाद दोपहर ढाई बजे जब सदन की कार्रवाई फिर से शुरू हुई तो विपक्ष ने एक बार फिर से मदन दिलावर से माफी की मांग को लेकर हंगामा किया। इसके बाद सदन की कार्रवाई का बायकॉट करते हुए विपक्ष ने बहिर्गमन कर दिया।

### विपक्ष ने वेल में की नारेबाजी

विपक्ष की नारेबाजी के जवाब में संसदीय कार्यमंत्री जोगाराम पटेल, जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी सहित कई मंत्रियों और बीजेपी विधायकों ने भी जवाबी नारेबाजी की। नाराज कांग्रेस सहित विपक्षी विधायकों ने वेल में आकर काफी देर तक नारेबाजी की। बाद में अगला सवाल आने के बाद हंगामा शांत हुआ।

पहले चरण की गणना पूरी

# चित्तौड़गढ़ में सांवलिया सेठ के खजाने से निकली 7 करोड़ 70 लाख की नकदी

- राजभोग आरती के बाद खोला गया भंडार, पहले राउंड की हुई गिनती
- मासिक मेले के बाद फिर खोला जाएगा भंडार... सोने-चांदी की होगी तुलाई
- मंदिर कर्मचारियों और बैंककर्मियों ने की नोटों की गिनती

**बेधड़क। चित्तौड़गढ़**

मेवाड़ के प्रसिद्ध कृष्णधाम श्री सांवलियाजी में भगवान श्री सांवलिया सेठ के भंडार से पहले चरण की गणना पूरी हुई है। गुरुवार शाम तक 7 करोड़ 70 लाख 41 हजार रुपए की गणना पूरी हो चुकी है।

वर्षों पुरानी परम्परा के अनुसार प्रतिमाह कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी को भगवान श्री सांवलिया सेठ के दो दिवसीय मासिक मेले के पहले दिन ठाकुरजी का भंडार खोला जाता है। इसी क्रम में गुरुवार को कृष्ण पक्ष चतुर्दशी का पर्व होने से ठाकुरजी की राजभोग की आरती के बाद कड़ी सुरक्षा के बीच ठाकुरजी का भंडार खोला गया।

प्रथम चरण की गणना में ठाकुरजी के भंडार से 07 करोड़ 70 लाख 41 हजार रुपए की राशि की गणना हो पाई। मंदिर मंडल के कर्मचारियों और बैंक कर्मियों ने नोटों की गिनती की। इस दौरान सदस्य संजय कुमार मंडोवरा, भैंरूलाल सोनी, श्रीलाल पाटीदार, ममतेश शर्मा, अशोक शर्मा, शंभू सुथार, कपासन प्रधान भैंरूलाल चौधरी, लेखाधिकारी राघव शर्मा, प्रशासनिक अधिकारी प्रथम घनश्याम जरवाल, प्रशासनिक अधिकारी नंद किशोर टेलर मौजूद रहे।



### अगले राउंड की गिनती कल

अब शुक्रवार को अमावस्या होने के कारण गिनती नही की जाएगी। शेष बची राशि की गणना ठाकुरजी के दो दिवसीय मासिक मेले के बाद में की जाएगी, क्योंकि मंदिर मंडल का मानना है कि इस दौरान मंदिर में दर्शनों के लिए खासी भीड़ रहेगी। अगले राउंड की गिनती 6 जुलाई को की जाएगी। ठाकुरजी के भंडार से प्राप्त सोना तथा चांदी का वजन भी मासिक मेले के बाद में किया जाएगा। इसके साथ ही श्री सांवलियाजी मंदिर मंडल भेंट कक्ष कार्यालय में नकद व मनीआर्डर के रूप में प्राप्त राशि की गणना व भेंट स्वरूप प्राप्त सोना तथा चांदी का वजन भी मासिक मेले के बाद में किया जाएगा।

### मंदिर विकास पर खर्च

मंदिर के भंडार में आने वाली राशि मंदिर के ही विकास में खर्च की जाती है। मंदिर का बोर्ड बना हुआ है। चित्तौड़गढ़ एडीएम इस बोर्ड के सीईओ हैं। भेंट में मिली राशि को यात्री सुविधा के विकास के लिए खर्च किया जाता है। साथ ही मंदिर बोर्ड द्वारा गोशाला का भी संचालन किया जाता है। मंदिर में 500 कर्मचारियों का स्टाफ है। मंदिर करीब 2 सदी पुराना बताया जाता है। इसका विकास आसपास के गांव के लोगों ने ही किया। मान्यता है कि एक ग्वाले को सपने में सांवलियाजी की मूर्ति के दर्शन हुए थे। उसने उसी स्थान पर खुदाई कर प्रतिमा को बाहर निकाला और अपने घर में स्थापित किया।

## जरूरी खबर

### विधानसभा में पहली बार हुआ लंच ब्रेक



**जयपुर।** विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने सोलहवीं राजस्थान विधानसभा के द्वितीय सत्र में गुरूवार को लोकसभा की तर्ज पर सत्र की बैठकों के दौरान मध्यान्ह भोजन अन्तराल की व्यवस्था दी। देवनानी ने कहा कि लोक सभा की तर्ज पर राजस्थान विधान सभा में भी भोजन अन्तराल का निश्चित समय तय किया गया है। इससे एक ही समय पर सभी विधायकगण भोजन कर सकेंगे और उसके बाद पुनः सदन में कार्यवाही में भाग ले सकेंगे। उलेखन्नीय है कि देवनानी ने लंच ब्रेक के बारे में सर्वदलीय बैठक में भी चर्चा की थी। देवनानी के इस प्रस्ताव पर सर्वदलीय बैठक में मौजूद सभी दल के प्रतिनिधियों ने इसे अच्छी पहल बताते हुए सहमति व्यक्त की थी।

### पोर्टल पर दर्ज सूचनाएं लिखित में नहीं मांगी जाती

**जयपुर।** शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने गुरुवार को विधानसभा में बताया कि शाला दर्पण और प्राइवेट स्कूल पोर्टल पर विद्यालयों द्वारा दी गई सूचनाओं को पुनः लिखित रूप में नहीं मांगा जाता है। दिलावर ने प्रश्नकाल के दौरान विधायक केसाराम चौधरी के मूल प्रश्न के जवाब में बताया कि प्रदेश में संचालित समस्त राजकीय विद्यालयों की सूचनाओं का संधारण शाला दर्पण पोर्टल के माध्यम से और निजी विद्यालयों की समस्त सूचनाओं का संधारण ऑनलाइन प्राइवेट स्कूल पोर्टल के माध्यम से किया जाता है। उन्होंने बताया कि पोर्टल के माध्यम से विद्यालय, स्टाफ, विद्यार्थी तथा योजना डोमेन में विभिन्न सूचनाओं का संधारण ऑनलाइन किया जाता हैं।

### डॉ.पायल IETE के राजस्थान चैप्टर की ट्रेजरर



**जयपुर।** डॉ. पायल बंसल, प्रोफेसर पूर्णिमा इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंक टेक्नोलॉजी,आईईटीई के राजस्थान चैप्टर की आगामी सत्र 2024-26 के लिए ट्रेजरर चयनित हुईं। नए सत्र से विभिन्न आईएसएफ चैप्टर्स में होने वाली टेक्निकल वर्कशॉप, ट्रेनिंग्स, फैकल्टी डवलपमेंट इत्यादि कर्यक्रमों के लिए फंडिंग का कार्य इनकी देखरेख में किया जाएगा।

## असम के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने राजस्थान के नवाचारों को सराहा

# अब अन्य राज्य भी अपनाएंगे प्रदेश की चुनावी तकनीक

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान के निर्वाचन विभाग द्वारा तैयार 'पोस्टल बडी' कंप्यूटर एप्लीकेशन का उपयोग आगामी दिनों में असम राज्य में विधानसभा उपचुनाव में किया जाएगा। असम के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) अनुराग गोयल ने गुरुवार को शासन सचिवालय जयपुर में यह बात कही।

पोस्टल बडी चुनावों के दौरान आवश्यक सेवाओं, चुनावी ड्यूटी एवं पुलिस में कार्यरत अधिकारियों-कार्मिकों तथा बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं के लिए पोस्टल बैलट के मतदान की सुविधा को अधिक सहज और सरल बनाने का नवाचार है, जिसे लोकसभा आम चुनाव 2024 के दौरान राजस्थान में श्रीगंगानगर जिले की टीम ने विकसित किया था।




### पोस्टल बडी सॉफ्टवेयर के उपयोग हो रही थी आसानी

राजस्थान के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन की उपस्थिति में असम के सीईओ गोयल ने चुनाव विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक में लोकसभा आम चुनाव 2024 और उससे पहले राज्य विधानसभा चुनाव के दौरान राजस्थान में किए गए सूचना तकनीक (आईटी) आधारित नवाचारों पर विस्तार से चर्चा की। बैठक में महाजन ने बताया कि 'पोस्टल बडी' सॉफ्टवेयर के उपयोग से राज्य में चुनाव ड्यूटी में कार्यरत पोस्टल बैलट का उपयोग करने वाले मतदाता बड़ी संख्या में मतदान कर पाए। पोस्टल बडी के जरिए चुनाव अधिकारियों के लिए पोस्टल बैलट की मतदान प्रक्रिया को आवेदन से लेकर मतदान तक विभिन्न स्तर पर ट्रैक करना आसान हो जाता है। असम के सीईओ गोयल ने कहा कि इस कंप्यूटर एप्लीकेशन का प्रयोग उनके राज्य में चुनाव में किया जाएगा।

### दूसरे राज्य प्रदेश के नवाचारों में ले रहे रुचि

गोयल ने राजस्थान के निर्वाचन विभाग के अधिकारियों द्वारा विकसित अन्य कंप्यूटर एप्लीकेशन इलेक्शन बडी एवं पोल डे मैनेजमेंट सिस्टम (पीडीएमएस) पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि ये सभी तकनीकी पहल चुनाव प्रक्रिया को काफी सरल और सहज बनाने वाली हैं। निर्वाचन आयोग द्वारा आयोजित सभी राज्यों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों की कांफ्रेंस में राजस्थान के तत्कालीन सीईओ प्रवीण गुप्ता द्वारा इन नवाचारों पर दिए प्रस्तुतीकरण के बाद आयोग ने अन्य राज्यों को इस कंप्यूटर एप्लीकेशन को अपनाने के लिए कहा था। राजस्थान निर्वाचन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि दूसरे राज्यों के निर्वाचन विभागों के अधिकारी भी पोस्टल बडी सहित इलेक्शन बडी और पीडीएमएस आदि नवाचारों में रुचि ले रहे हैं और अपने यहां इनको अपनाना चाहते हैं।

### ये रहे बैठक में मौजूद

संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रतिभा पारीक, संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी आईटी एमएम तिवारी, उप मुख्य निर्वाचन अधिकारी सोमदत्त दीक्षित, उप मुख्य निर्वाचन अधिकारी आईटी मंजू रानी, भारत सरकार के नेशनल इन्फार्मेटिक्स सेंटर (एनआईसी) के राज्य स्तरीय अधिकारी सहित निर्वाचन विभाग के अन्य अधिकारी एवं श्रीगंगानगर जिले में पोस्टल बडी सॉफ्टवेयर तैयार करने वाली तकनीकी टीम के सदस्य उपस्थित थे।

## विधानसभा में आरसीडीएफ के वार्षिक प्रतिवेदन पर बोले मंत्री...

# डेयरी में भ्रष्टाचार व मिलावट पर होगी सख्त कार्रवाई : कुमावत

**बेधड़क** | जयपुर

पशुपालन एवं डेयरी मंत्री जोराराम कुमावत ने कहा कि राज्य सरकार डेयरी व्यवसाय के माध्यम से किसानों, महिलाओं और युवाओं के आर्थिक सशक्तीकरण के लिए प्रतिबद्ध है। इसके लिए दुग्ध उत्पादक सहकारी समितियों के नेटवर्क का गांव-गांव तक विस्तार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि डेयरी में भ्रष्टाचार अथवा मिलावट को किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा तथा सख्त कार्रवाई की जाएगी।

पशुपालन एवं डेयरी मंत्री गुरुवार को विधानसभा में राजस्थान को-ऑपरेटिव डेयरी फैडरेशन लिमिटेड के वर्ष 2018-19 से 2021-22 के वार्षिक प्रतिवेदनों पर विचार के उपरान्त अपना वक्तव्य दे रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार डेयरी के विकास और पशुपालकों को आर्थिक सशक्त बनाने की दिशा में प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। राज्य सरकार पशुपालकों के हित में बीमा योजना का दायरा बढ़ाने पर विचार कर रही है, जिसके तहत सभी पशुओं का बीमा किया जाएगा।



### समितियों का गठन कर नए 13 हजार से अधिक सदस्य जोड़े गए

कुमावत ने राजस्थान को-ऑपरेटिव डेयरी फैडरेशन के पिछले वर्षों के टर्न ओवर और शुद्ध लाभ की जानकारी देते हुए बताया कि संघ निरन्तर मुनाफे में चल रहा है। दूध उत्पादन में राजस्थान देश में दूसरे स्थान पर है। उन्होंने बताया कि डेयरी के माध्यम से दूध संकलन में गुजरात और कर्नाटक के बाद राजस्थान तीसरे स्थान पर है। कुमावत ने कहा कि बेरोजगारी दूर करने, महिला सशक्तीकरण एवं पशुपालकों को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने में सहकारी समितियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। प्रदेश में नई सरकार बनने के बाद समितियों का गठन कर नये 13 हजार से अधिक सदस्य जोड़े गए हैं।

### डीबीटी के माध्यम से पशुपालक के खातों में अनुदान हस्तांतरित

उन्होंने कहा कि सरस डेयरियों के माध्यम से आमजन को दूध व दूध से बने शुद्ध उत्पाद उपलब्ध करवाये जा रहे हैं। साथ ही, मुख्यमंत्री बाल गोपाल योजना के अंतर्गत स्कूली विद्यार्थियों के लिए दूध की आपूर्ति की जा रही है। पशुपालन एवं डेयरी मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री दुग्ध संबल योजना के तहत दिया जाने वाला 5 रुपये प्रति लीटर का अनुदान अब डीबीटी के माध्यम से सीधे पशुपालक के खाते में हस्तांतरित किया जा रहा है, जिससे इसमें भ्रष्टाचार की कोई गुंजाइश नहीं रहे। इस योजना के अंतर्गत 525 करोड़ रुपये की राशि का भुगतान किया जा चुका है।

### रिक्त पदों पर भर्तियां जल्द

कुमावत ने कहा कि पशु चिकित्सालयों में रिक्त पदों पर जल्दी ही भर्तियां की जाएंगी। साथ ही, न्यायालय में अटकी 900 पशु चिकित्सकों की भर्ती में भी प्रकरण का निस्तारण होने पर शीघ्र नियुक्तियां दे दी जाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने एक बड़ी पहल करते हुए प्रदेशभर में 536 मोबाइल वेटरनरी युनिट की शुरूआत की है। इसके लिए शीघ्र ही एक कॉल सेंटर शुरू किया जाएगा, जिस पर कॉल करने पर मोबाइल वेटरनरी यूनिट पशुपालक के घर पर पहुंचेगी।

## भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने तैयारियों को लेकर ली बैठक

# भाजपा प्रदेश कार्य समिति की बैठक 13 जुलाई को




**बेधड़क** | जयपुर

भाजपा प्रदेश कार्यालय में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी की अध्यक्षता में राजस्थान प्रदेश की वृहद कार्यसमिति की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित की गई। इस दौरान भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि कार्य समिति बैठक ऐसे अवसर पर हो रही है जब राजस्थान में भाजपा की सरकार है और केन्द्र में नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनें है। ऐसे में प्रदेश कार्य समिति की बैठक को भव्य तथा दिव्य बनाने के लिए पूर्व तैयारियों के संबंध में गुरुवार को भाजपा पदाधिकारियों के साथ चर्चा की गई। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि प्रदेश कार्यसमिति की बैठक 13 जुलाई को सीतापुरा स्थित जेईसीसी के सभागार में आयोजित होगी। प्रदेश कार्य समिति बैठक के सफल संचालन के लिए पार्टी की ओर से अलग-अलग समितियां बनाई गई हैं, और समितियों का कार्य विभाजन किया गया है। प्रदेश कार्य समिति की बैठक में अतिथियों के प्रोटोकॉल, रजिस्ट्रेशन से लेकर हर व्यवस्था सुचारू हो, इसके लिए सभी की जिम्मेदारी तय की गई है। भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी राजनैतिक पार्टी है, यहां पदाधिकारी से लेकर कार्यकर्ता तक अनुशासन में रहकर अपने दायित्व को पूरा करने का प्रयास करते हैं। बैठक में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सीआर चौधरी, मोतीलाल मीणा, भाजपा प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगडी, श्रीमती संतोष अहलावत, ओम प्रकाश भडाणा, भाजपा प्रदेश मीडिया संयोजक प्रमोद वशिष्ठ सहित भाजपा के प्रदेश पदाधिकारी, मोर्चा एवं प्रकोष्ठों के संयोजक उपस्थित रहे।

## पूर्व मुख्यमंत्री राजे ने लिया आशीर्वाद



*जयपुर। राजधानी के माहेश्वरी सभा भवन में राष्ट्रोत्कर्ष दिवस के आयोजन के अवसर पर शंकराचार्य स्वामी निश्चलानन्द सरस्वती महाराज के 82वें प्राकट्य महोत्सव कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने पहुंच कर आशीर्वाद लिया।*

## भारी वर्षा के बाद राहत कार्यों की मुख्य सचिव ने की समीक्षा

# बारिश के मौसम में प्रशासनिक अधिकारी रहें अलर्ट

**बेधड़क** | जयपुर

मुख्य सचिव सुधांश पंत ने कहा की राज्य में हुई भारी वर्षा से उत्पन्न स्थिति आमजन के लिए समस्यात्मक है। आमजन को कोई भी समस्या नहीं हो इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा चिंता व्यक्त करने पर सभी संभागीय आयुक्त, जिला कलेक्टर्स एवं नगर निगम के आयुक्तों की ली बैठक।



सुधांश पंत द्वारा गुरुवार को शासन सचिवालय में वी सी के माध्यम से सभी संभागीय आयुक्त, जिला कलेक्टर्स एवं सभी सम्बंधित विभागों की समीक्षा की गई। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि सभी सम्बंधित विभाग आपदा के समय कोई जनहानि नहीं हो इस के लिए आवश्यक तैयारियों के साथ पूरी तरह से मुस्तेद रहें। सभी विभाग आपसी समन्वय से स्थिति की निगरानी रखे और फील्ड ऑफिसर्स अलर्ट मोड पर रहें। पंत ने सभी अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा की अगले 72 घण्टों में होने वाली संभावित भारी वर्षा के लिए सर्तक एवं तैयार रहना है मौसम के पूर्वामानों की बारिकी से निगरानी करना और तदनुसार आपातकालिन सेवाओं को सक्रिय करना अनिवार्य है उन्होंने कहा की जल भराव को रोकने एवे शहरी क्षेत्रों में बाढ के जोखिम को कम करने के लिए सभी अधिकारी समय-समय पर निरीक्षण करें साथ ही उन्होंने आवश्यक सेवाओं से संबंधित विभाग बिजली, स्वास्थ्य एवं पीएचडी विभाग को त्वरित कार्यवाही कर आमजन को राहत पहुंचाने के लिए तैयार रहने के निर्देश दिए।

## राज्य स्तरीय सेमिनार आज जलभवन में

# पीएचईडी कार्यालयों में लगाए जाएंगे 1 लाख पौधे

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश में जल संरक्षण व हरियाली क्षेत्र को बढ़ाने के उद्देश्य से जलदाय मंत्री कन्हैयालाल द्वारा जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग में शुक्रवार को सुबह 10:00 बजे पौधारोपण किया जाएगा।

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग में लगभग 500 छायादार एवं फलदार पौधे लगाए जाएंगे साथ ही विभाग के राजस्थान भर के संस्थानों एवं कार्यालयों में एक लाख पौधे लगाने के अभियान के तहत पौधारोपण की शुरुआत की जाएगी। राज्य में गिरते हुए भूजल स्तर, पेयजल गुणवत्ता, जल सुरक्षा, जल संरक्षण, वर्षा जल संचयन एवं वृक्षारोपण कार्यों की राज्य स्तरीय कार्य-योजना तैयार करने के लिए शुक्रवार को एक दिवसीय राज्य स्तरीय सेमिनार का आयोजन जल भवन में किया जाएगा। साथ ही जलदाय मंत्री द्वारा एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक के सहयोग से नीर निधि निर्माण के तहत जल भवन में वेस्ट वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का शिलान्यास किया जाएगा।




### जल संरक्षण एवं पौधारोपण कार्य के लिए बनेगी योजना

जलदाय सचिव डॉ. समित शर्मा ने बताया कि सेमिनार में प्रदेश में जल के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली करने वाली स्वयंसेवी संस्थाओं के करीब 60 से 70 प्रतिनिधियों द्वारा भाग लिया जाएगा। सेमिनार में जल संरक्षण एवं वृक्षारोपण कार्य के लिए विस्तृत कार्य योजना जन भागीदारी से बनाए जाएगी।

### 40 स्वयंसेवी संगठन जुड़ेंगे

सेमिनार में मुख्य वक्ता के रूप में पदमश्री श्री लक्ष्मण सिंह जी लापोडिया, पदमश्री श्री हिमताराम जी नागौर,प्रोफेसर मनोहर सिंह राठौड़, इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ हेल्थ मैनेजमेंट रिसर्च, भौरूका चैरिटेबल ट्रस्ट के प्रतिनिधि, यूनिसेफ,यूनोप्स, इनरैम फाउंडेशन, नेशनल जल जीवन मिशन के अंतर्गत कार्यरत की-रिसोर्स सेंटर के प्रतिनिधि गण, एमएनआईटी के प्रोफेसर, जे.एन.आई.टी. के प्रोफेसर, एलएसजी के प्रतिनिधि, अर्पण सेवा संस्थान के प्रतिनिधि, सामाजिक आर्थिक विकास संस्थान, सृष्टि सेवा संस्थान, राजस्थान हुमन केयर फाउंडेशन, प्रेरणा संस्थान, जीनस संस्थान, ग्रामोदय सामाजिक संस्थान, स्टूडेंट रिलीफ सोसायटी, वाणी संस्थान, जयपुर नेशनल यूनिवर्सिटी, सेल्फ डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट, ममता संस्थान, एवं अन्य स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों द्वारा भाग लिया जाएगा। साथ ही 30 से 40 अन्य स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि/विषेषज्ञ ऑनलाइन लिंक के माध्यम से इस सेमिनार से जुड़ेंगे।

# प्रदर्शनकारी महिलाओं पर दंडात्मक कार्रवाई पर रोक

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने वर्ष 2022 में स्वास्थ्य भवन के बाहर नर्सिंग भर्ती को लेकर प्रदर्शन करने वाली याचिकाकर्ता महिलाओं के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई करने पर रोक लगा दी है। इसके साथ ही अदालत ने निचली अदालत को कहा है कि वह प्रकरण में अंतिम आदेश पारित न करे। जस्टिस समीर जैन की एकलपीठ ने यह आदेश संतरा धाकड़ और रजनी की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए। याचिका में कहा गया कि प्रकरण की एफआईआर के अनुसार रैली में सौ से अधिक लोग मौजूद थे। इसके बावजूद भी पुलिस ने सिर्फ छह लोगों के खिलाफ ही आरोप पत्र पेश किया। इसके अलावा प्रकरण में एक भी स्वतंत्र गवाह नहीं है। पुलिस ने जानबूझकर याचिकाकर्ताओं को प्रकरण में फंसाया है। ऐसे में आरोप पत्र को रद्द किया जाए। जिस पर सुनवाई करते हुए एकलपीठ ने याचिकाकर्ताओं के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई करने पर रोक लगाई है। मामले के अनुसार 10 नवंबर, 2022 को एसआई कविता यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई की स्वास्थ्य भवन के बाहर संविदा नर्सेज एसोसिएशन के नेतृत्व में याचिकाकर्ता सहित करीब सौ लड़के-लड़कियां प्रदर्शन कर रहे थे।

## मानसून के साथ ही हेरिटेज निगम भी सक्रिय, हालात जानने मेयर और अफसर निकले फील्ड में


# आफत: कहीं पानी भरा तो कहीं सड़क धंसी
# राहत: अधिकारी मौके पर पहुंचे, सुधरवाया

### 70 शिकायतें दर्ज, 5 जगह जलभराव, 5440 मिट्टी के कट्टे राहत के लिए भेजे

बेधड़क | जयपुर

प्रदेश में मानसून के मंगल प्रवेश के साथ ही जयपुर शहर में लगातार बारिश का दौर शुरू हो गया है। हेरिटेज निगम क्षेत्र में बारिश के कारण कुछ जगहों पर जलभराव और सड़क धंसने की शिकायतें मिलीं, जिनके निराकरण के लिए निगम के अधिकारी और कर्मचारी बुधवार देर रात से ही फील्ड में निकल गए। हालांकि, इस बार नालों की पूर्ण सफाई के कारण सड़क का पानी कुछ ही देर में नालों से निकल गया। हेरिटेज महापौर मुनेश गुर्जर और आयुक्त अभिषेक सुराणा ने भी जलभराव वाले क्षेत्रों का मौका मुआयना किया। इनके अलावा जोन उपायुक्त, अधिशाषी अभियंता और अन्य निगम अधिकारी गुरुवार को दिनभर निगम क्षेत्र में जाकर निरीक्षण करते रहे। इस दौरान कुछ जगहों पर जलभराव की समस्या भी आई, तो कुछ जगहों पर सड़क धंसने की शिकायत भी मिली। ऐसे में मौके पर तैनात निगम अधिकारियों ने तुरंत राहत कार्य शुरू कर समाधान भी कराया।





### रायसर प्लाजा और विवेक विहार पर धंसी सड़क, सुधरवाई

बारिश के दौरान परकोटे के रायसर प्लाजा के पास सड़क का छोटा सा हिस्सा धंस गया, जिसे किशनपोल जोन एक्सईएन योगेश कुमावत ने तुरंत ठीक करा दिया। वहीं, न्यू सांगानेर रोड पर विवेक विहार के पास पांच फीट लम्बी सड़क धंस गई। एक्सईएन कमलेश जैमन ने मिट्टी के कट्टे रखवाए।

### अतिरिक्त आयुक्त ने देखी व्यवस्थाएं

हेरिटेज निगम की अतिरिक्त आयुक्त डा. रौनक बैरागी ने बारिश के दौरान तीनों नियंत्रण कक्ष का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निगमकर्मियों को शिकायतों के तुरंत निस्तारण करने के निर्देश दिए। अतिरिक्त आयुक्त ने बताया कि किसी भी आपदा से निपटने के लिए हेरिटेज निगम तैयार है। अधिकतर शिकायतें मिट्टी के कटाव की आ रही है, जिसके लिए मिट्टी से भरे कट्टे भेजे जा रहे हैं।



### वार्ड 19 में बंधा बस्ती नाला धंसा मिट्टी के कट्टे रखवाए

वहीं, वार्ड 19 में बंधा बस्ती नाले का कुछ हिस्सा धंस गया। इस पर हवामहल जोन उपायुक्त करतार सिंह ने मौके का निरीक्षण कर मिट्टी के कट्टे रखवाए और नाले के पास स्थित बिजली ट्रांसफर को दूर रखवाया। इसके अलावा नागतलाई नाले में भी कुछ जगहों पर दीवार टूटने पर गैराज शाखा की ओर से मरम्मत करवाया गया।



### घाट की गुणी टनल के पास दीवार गिरी

आगरा रोड पर घाट की गुणी टनल के पास सामुदायिक भवन के सहारे बने मकान की दीवार सड़क पर गिर गई। दीवार गिरने की सूचना पर हेरिटेज निगम की सतर्कता शाखा टीम पहुंची और मलबे को हटवाया। एक्सईएन सुबोध कुमार ने बताया कि घटना में कोई हताहत नहीं हुआ।



### एक ही दिन में उठे 5 हजार से भी ज्यादा मिट्टी के कट्टे

बाढ़ एवं आपदा नियंत्रण कक्ष प्रभारी एक्सईएन सुबोध कुमार ने बताया कि बुधवार रात और गुरुवार को दिनभर हुई बारिश में सबसे ज्यादा शिकायतें मिट्टी के कटाव की आई। पिछले 24 घंटे में तीनों नियंत्रण कक्ष में कुल 70 शिकायतें दर्ज की गई, वहीं जलभराव की पांच शिकायतें आई। इस दौरान एक दिन में कुल 5440 मिट्टी के कट्टे राहत के लिए भेजे गए।

### नियंत्रण कक्षों का किया दौरा

हेरिटेज निगम आयुक्त अभिषेक सुराणा ने सभी नियंत्रण कक्ष के दौरे किए। इसके अलावा सोडाला राकड़ी, बनीपार्क, शास्त्री नगर, चांदपोल बाजार, पुरानी बस्ती, रामगढ़ मोड़, रेनबो रेस्टोरेंट, ईदगाह, मंडी खटीकान, नाग तलाई, दिल्ली रोड, मानबाग इलाको में निरीक्षण किया। आयुक्त अभिषेक सुराणा ने आगामी दिनों में बारिश को देखते हुए सभी निगम अधिकारियों को फिल्ड अलर्ट रहने के निर्देश दिए। इसके अलावा किसी भी आपदा में तुरंत मौके पर पहुंचने के निर्देश दिए।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए खब़र, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें ।

## कोविड हेल्थ असिस्टेंट (सीएचए) का दल मुख्यमंत्री से मिला

# जल्द हो हेल्थ वॉलिंटियर फोर्स का गठन

बेधड़क | जयपुर

अप्रैल 2022 से हटा दिए गए कोरोना के समय लगे कोविड हेल्थ असिस्टेंटों (सीएचए) का एक दल मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मिला। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री से मेडिकल हेल्थ वॉलिंटियर फोर्स का गठन जल्द से जल्द करने और उसमें नियुक्तियां देने की मांग की है।

दल में शामिल प्रवीण सारस्वत ने बताया कि अशोक गहलोत सरकार के समय बजट में मेडिकल हेल्थ वॉलिंटियर फोर्स बनाने का एलान किया था। उसमें सभी सीएचए को सेवाएं देने की बात कही, लेकिन वह भी सरकार ने आज तक नहीं बनाई।

उन्होंने कहा कि इस संदर्भ में पिछले दिनों आरटीआई भी लगाकर जब सरकार से जवाब मांगा तो पता चला कि फोर्स के गठन की फाइल वित्त विभाग में भिजवाई जा चुकी है। इस संबंध में जब स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी अराजपत्रित निदेशक से बात की तो उन्होंने भी फाइल स्वास्थ्य भवन में अटके होने की बात कही।

प्रवीण सारस्वत ने बताया कि कोविड हेल्थ असिस्टेंटों (सीएचए) के द्वारा किए गए आंदोलन के समय बीजेपी के नेता डॉ. किरोड़ी लाला मीणा, सतीश पूनिया, रामलाल शर्मा समेत अन्य हमसे मिले और आश्वासन दिया कि जब प्रदेश में हमारी सरकार आएगी तो हम वापस नौकरियां देंगे।

## रोड सेफ्टी व ट्रॉमा पर कार्यशाला सत्र का आयोजन

# इमरजेंसी में जान बचाने की ट्रिक सिखाई

बेधड़क | जयपुर

फाउंडेशन बैच 2024 के लिए गुरुवार को बीएलएस, सीपीआर, रोड सेफ्टी और ट्रॉमा पर कार्यशाला सत्र का आयोजन हुआ।

एसएमएस हॉस्पिटल के ट्रॉमा सर्जरी विभाग में सहायक आचार्य डॉ. दिनेश गोरा ने इमरजेंसी हालत में जान बचाने की बारीकियां सिखाई। साथ ही रोड सेफ्टी, ट्रॉमा एक्सीडेंट कम करने से लेकर हॉस्पिटल पहुंचने तक की पोस्ट-क्रैश केयर को सुदृढ़ करने और राज्य को एक सूत्री ट्रॉमा-सिस्टम में विकसित करने पर चर्चा की।



कार्यशाला में रिपा कमिश्नर महेन्द्र सोनी और अतिरिक्त कमिश्नर शाहीन अली ने नव-प्रशासनिक अधिकारियों को रोड-सेफ्टी और ट्रॉमा इमरजेंसी केयर में प्रशासन का योगदान पर विस्तृत चर्चा की।

कार्यशाला में मुस्कान फाउंडेशन से प्रोजेक्ट मैनेजर नेहा खुल्लर ने एक्सीडेंट रोकथाम के लिए विभिन्न स्टॉक-होल्डर्स के रोल पर चर्चा की।

## पहली फ्लाइट से 434 यात्री आए

# देश में खुशहाली की दुआ कर हज के मुकद्दस सफर से लौटे हाजी

बेधड़क | जयपुर

हज के सफर से पहली फ्लाइट गुरुवार को दोपहर 12:30 बजे जयपुर एयरपोर्ट पहुंची। इसमें 434 हाजी सवार थे। इनमें राजस्थान का सबसे छोटा हाजी 1 साल का मोहम्मद साद भी शामिल रहा, जो अपनी मां फरजाना और पिता अकरम के साथ हज के सफर से जयपुर पहुंचा। साद का परिवार नसीराबाद का रहने वाला है। इसके अलावा सीकर निवासी 7 साल की शबनम हज्जन भी हज कर आज जयपुर पहुंची। राजस्थान स्टेट हज कमेटी चेयरमैन अमीन कागजी ने बताया कि राजस्थान के चार लोगों की हीटवेव से और 1 मौत नेचुरल मौत हुई।



### एयरपोर्ट लेने पहुंचे परिवार

राजस्थान स्टेट हज कमेटी मेंबर जिला प्रभारी अब्दुल हकीम खान और राजस्थान स्टेट हज कमेटी चेयरमैन अमीन कागजी, वक्फ बोर्ड चेयरमैन खानू खान बुधवाली, सेंट्रल हज कमेटी मेंबर जनाब हिदायत खान धोलिया और अधिशासी अधिकारी महमूद खान ने हाजियों का स्वागत किया। इतना ही नहीं हज से लौटे यात्रियों के स्वागत के लिए जयपुर एयरपोर्ट के बाहर बारिश के बीच भी परिवार को लोगों की भारी भीड़ देखने को मिली। इस दौरान सांगानेर एयरपोर्ट के बाहर जाम की स्थिति रही।

### नसीब वालों को मिलता है हज का मौका

हज करके लौटे रामगढ़ मोड निवासी अख्तर ने बताया- हज का सफर वैसे तो अच्छा रहा और हज के दौरान प्रदेश और देश में खुशहाली के लिए दुआ मांगी। हज करके लौटे आसलपुर निवासी फूल मोहम्द ने बताया- हज का मौका नसीब वालों को मिलता है। उन्होंने बताया मुल्क की खुशहाली और अमन की दुआएं मांगी। वहीं, हज में हीटवेव से हुई मौतों पर उन्होंने कहा- यह तो गर्मी है, जिसकी मौत अल्लाह ने लिखी थी, उसकी मौत अल्लाह की मर्जी से हुई। सांगानेर निवासी सीमा वहाब ने कहा- वहां गर्मी बहुत थी। हालांकि, वहां व्यवस्थाएं ठीक थी। हमनें वहां पूरे हिंदुस्तान के लिए दुआएं की।

### हज कमेटी चेयरमैन ने किया स्वागत

राजस्थान स्टेट हज कमेटी चेयरमैन अमीन कागजी ने बताया- आज जैसे हाजी आए उनका स्वागत किया। वहां खादिमों ने हज यात्रियों की सेवा की। वहा जबरदस्त गर्मी थी, हीटवेव की वजह से राजस्थान की कुछ हज यात्रियों की मौत हो गई। हालांकि, जिन हज यात्रियों की मौत हुई उनकी उम्र भी ज्यादा थी, वे 70वर्ष से ज्यादा के थे। पूरी दुनिया के हाजी होते है तो थोड़ी सी घबराहट भी होती है। लाखों लोग जब एक साथ हज करते है तो कई लोगों को बेचैनी होती है।

## जरूरी खबर

### कार्यक्रम के तहत ग्राम पंचायतों में हुई जनसुनवाई



**सीकर।** आमजन की परिवेदनाओं के निराकरण के लिए जनसुनवाई कार्यक्रम के तहत गुरुवार को जिले की समस्त ग्राम पंचायतों में जनसुनवाई का कार्यक्रम आयोजित हुआ। ग्रामीणों की परिवेदनाएं सुनी गई। ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई के दौरान पर्यवेक्षण अधिकारियों ने ग्रामीणों की धैर्य के साथ परिवेदनाएं सुनी एवं प्रार्थना पत्र प्राप्त कर उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उपखंड अधिकारी खण्डेला ने ग्राम पंचायत गुरारा में सुनवाई की।

### असामाजिक तत्वों ने सौंदर्यकरण में की तोड़फोड़

**चाकसू।** ग्राम पंचायत चंदलाई में स्थित रामसागर बांध में सिंचाई विभाग की ओर से हाल ही सौंदर्य करण का कार्य किया गया था। इसी सौंदर्यकरण के कार्य को असामाजिक तत्वों के द्वारा खराब किया जा रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप हैं कि देर रात को असामाजिक तत्व बांध की पाल पर घूमने आते हैं। उस दौरान नशे में चूर होकर बांध पर हुए सौंदर्यकरण के लिए लगाई गई पत्थर की जली को जगह-जगह से तोड़ रहे हैं। इसके लिए ग्रामीणों ने विभाग को भी सूचना दी गई है। गौरतलब हैं कि पिछले दिनों सिंचाई विभाग के द्वारा चंदलाई के रामसागर बांध पर करीब 85 लाख रुपए का सौंदर्यकरण का कार्य करवाया गया था।

### बिना स्वीकृति के निर्माण पर पालिका की कार्रवाई



**चाकसू।** राज्य सरकार के आदेश एवं स्वायत्त शासन विभाग से प्राप्त निर्देशानुसार नगरपालिका अधिशासी अधिकारी शम्भू लाल मीणा ने चाकसू नगरपालिका क्षेत्र में बिना स्वीकृति के चल रहे सभी निर्माण कार्यों को तत्काल बंद करने के निर्देश जारी कर दिए हैं। गुरुवार को चाकसू नगरपालिका ने कठोर कदम उठाते हुए कस्बे में बिना स्वीकृति के चल रहे निर्माण कार्यों के खिलाफ कार्रवाई आरम्भ की। स्वास्थ्य निरीक्षक हंसराज मीणा, वरिष्ठ जमादार जितेन्द्र वाल्मीकि, विजय कुमार ने चल रहे सभी निर्माण कार्यों पर पहुंच कर तत्काल कार्य बंद करवाते हुए आवश्यकता दस्तावेज नगरपालिका में जमा कराने के निर्देश दिए।

**नोटिस के बावजूद नहीं हटाए अवैध निर्माण,** नगर पालिका ने की कार्रवाई

# पुष्कर सरोवर के पास अवैध होटल को किया जमींदोज

**बेधड़क** | अजमेर



तीर्थ नगरी पुष्कर के पवित्र सरोवर के किनारे अतिक्रमण कर करोड़ों रुपए के निर्माण को पुष्कर प्रशासन और नगर पालिका ने ध्वस्त करवा दिया। भारतीय पुरातत्व विभाग की शिकायत पर यह बड़ी कार्रवाई पुष्कर में अतिक्रमण के खिलाफ की गई है।

प्रशासन और नगर पालिका की कार्रवाई से पुष्कर में अवैध निर्माण करने वाले अतिक्रमियों में हड़कंप मचा हुआ है। गुरुवार को पुष्कर में पुष्कर प्रशासन और नगर पालिका के संयुक्त तत्वाधान में अतिक्रमण के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की गई। पुष्कर सरोवर के निकट जयपुर घाट के पास अवैध निर्माण करके बनाई जा रहे होटल को पुष्कर नगर पालिका की जेसीबी ने ध्वस्त कर दिया। कार्रवाई के दौरान पुलिस और प्रशासन के अधिकारी भी मौजूद रहे। अतिक्रमण की कार्रवाई के दौरान अतिक्रमियों की ओर से मामूली विरोध भी जताया गया, लेकिन अवैध निर्माण को ध्वस्त करने के बाद ही जेसीबी को रोका गया। बता दें कि पुष्कर सरोवर के चारों ओर व्यावसायिक दृष्टि से अवैध निर्माण किए गए हैं। इन अवैध निर्माण की वजह से पुष्कर सरोवर की सुंदरता और धार्मिक साख धूमिल हो रही है।

### अन्य अवैध निर्माण भी किए जाएंगे चिह्नित

पुष्कर उपखंड अधिकारी निखिल पोद्दार ने बताया कि पुष्कर के जयपुर घाट के पास अवैध होटल निर्माण के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। अतिक्रमियों ने निर्माण की स्वीकृति नहीं ली। जिस जगह पर अभी निर्माण किया जा रहा था, वह भारतीय पुरातत्व विभाग की ओर से निर्माण के लिए प्रतिबंधित क्षेत्र है। नोटिस देने के बाद भी उन्होंने अपना अतिक्रमण नहीं हटाया। पोद्दार ने कहा कि ऐसे अन्य अतिक्रमण को भी चिन्हित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरोवर के किनारे के क्षेत्र में अवैध अतिक्रमण करके अतिक्रमी सरोवर की सुंदरता को भी बट्टा लगा रहे हैं।

### अवैध निर्माण बर्दाश्त नहीं

पुष्कर नगर पालिका के ईओ बनवारी लाल मीणा ने बताया कि भारतीय पुरातत्व विभाग की ओर से पुष्कर नगर पालिका को शिकायत मिली थी कि पुष्कर सरोवर के निकट बादशाह महल के समीप अवैध निर्माण किया जा रहा है। मामले की जांच करवाई गई तो मौके पर चार अवैध निर्माण मिले। इनमें से किसी के पास निर्माण की स्वीकृति नहीं थी। मीणा ने बताया कि अतिकर्मियों को पूर्व में नगर पालिका अधिनियम की धारा 194 के तहत नोटिस दिए गए थे। नोटिस का जवाब देने के लिए भी अतिकर्मियों को पर्याप्त समय दिया गया था। उन्होंने बताया कि भूमि कन्वर्टेड नहीं थी। लिहाजा अवैध निर्माण को तोड़ने की कार्रवाई की गई है। उन्होंने बताया कि नगर पालिका के संज्ञान में मामला आते ही अतिक्रमियों को नोटिस दे दिए गए थे। अतिक्रमियों से तीन बार नोटिस देकर जवाब मांगा गया था।

**ऑनलाइन गेम से कर्ज होने पर** चोरी की बनाई थी योजना

# खुलासा: पड़ोसी ने ही की थी नानी और दोहितियों की हत्या

**बेधड़क** | जोधपुर

जिले के बनाड़ इलाके के गांव नांदड़ी खुर्द में नानी और दो दोहिती की हत्या के मामले में जोधपुर पुलिस ने खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ में आरोपी ने कबूला कि ऑनलाइन गेम रमी खेलने का आदी होने के कारण रुपए हारने पर उसने भंवरी देवी के घर में चोरी की प्लानिंग रची और इसके बाद तीनों का मर्डर कर दिया। वहीं ट्रिपल मर्डर की चश्मदीद महिला के सिर में फंसी कुल्हाड़ी को पुलिस ने निकाल दिया है।

डीसीपी पूर्व आलोक श्रीवास्तव ने बताया कि आरोपी दिनेश जाट बनाड़ थाने के नांदड़ी खुर्द गांव का ही रहने वाला है। टीम जब गांव पहुंची तो गांव के लोगों ने दिनेश जाट पर शक जताया। इसके बाद गुरुवार को उसे डिटेन कर पूछताछ शुरू की। अभी तक की हुई पूछताछ में दिनेश ने बताया कि वह ऑनलाइन गेम रमी खेलने का आदि था। इसमें रुपए हार गया तो उसने भंवरी देवी के घर में चोरी करने की प्लानिंग बनाई। जब वह वारदात करने पहुंचा तो भंवरी देवी समेत उसकी बेटी और दोहितियां घर में ही थी। वह शराब के नशे में था और तीनों की हत्या कर दी। आरोपी ने बताया कि हत्या के बाद वह घर जाकर दोबारा गेम खेलने लग गया था। प्रारंभिक जानकारी में सामने आया कि आरोपी दिनेश जाट पहले भी ऑनलाइन गेम में 5 लाख रुपए हार चुका था, जिसके बाद उस पर कर्जा हो गया।

### सिर में कुल्हाड़ी मारकर ली थी जान

मामले के अनुसार भंवरी देवी (68), उनकी दो दोहिती भावना (5) और साढ़े तीन साल की लक्षिता की बुधवार रात को हत्या कर दी थी। वहीं हमले में बच्चियों की मां संतोष (27) गंभीर घायल हो गई थी। महिला के सिर में कुल्हाड़ी फंस गई थी। महिला का एमडीएम हॉस्पिटल में इलाज चल रहा है। हत्यारों ने मां-बेटी पर कुल्हाड़ी से वार किया गया था, वहीं दोनों बहनों को पानी में डुबोकर मारा था। महिला अपनी मां और बेटियों की मौत से बेखबर है। घर में भंवरी देवी की एक साल की पोती अनिश्का भी थी, लेकिन वह दूसरे कमरे में होने की वजह से बच गई। इधर, खुलासे के बाद धरने पर बैठे परिजन मान गए और अब शवों का पोस्टमार्टम करवाया।





### बेटियों का स्कूल में एडमिशन कराना था

बेटियों के पिता किशनाराम ने कहा कि पत्नी संतोष से बुधवार सुबह 11 बजे फोन पर बात की थी। उसने कहा था कि बेटियों का एडमिशन करवाना है। तब उसे कहा था, शनिवार को छुट्टी है। तब आकर तय करेंगे कौनसी स्कूल में एडमिशन करवाएंगे। बच्चियों के पिता ने रोते हुए कहा कि क्या पता था कि शाम तक दोनों बेटियां दुनिया में ही नहीं रहेगी। भावना (5) नानी के पास रहकर पढ़ाई करने की जिद्द कर रही थी। पिछले साल भी नानी के पास रही थी। पिता ने बताया कि वह इस बार उसे अपने पास रखना चाहते थे और अपने गांव जाजीवाल में ले जाना चाहते थे।

**यूपी का रहने वाला है परिवार**

# कुरकुरे की बात पर बहन से हुआ झगड़ा... भाई ने किया सुसाइड

**बेधड़क** | पाली



जिले में सदर थाना क्षेत्र के घुमटी के पास 15 साल की लड़की का अपने आठ साल के भाई से कुरकुरे को लेकर झगड़ा हो जाने पर नाराज होकर लड़की ने कमरे में जाकर पंखे के कुंदे से फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। परिजन तुरंत उसे इलाज के लिए बांगड़ हॉस्पिटल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

सदर थाने के हेड कॉन्स्टेबल अमराराम ने बताया कि सदर थाना क्षेत्र के घुमटी के निकट मुरमुरे बनाने की फैक्ट्री है। जहां यूपी के नंदकाश (झांसी) निवासी कल्लू परिवार अपने परिवार सहित रहता है। जो फैक्ट्री में ही मुरमुरे बनाने का काम करता है। यहां वह एक कमरे में रहता है। कल्लू की 15 साल की बेटी शिवी और 8 साल के बेटे समर में कुरकुरे को लेकर झगड़ा हो गया था। लड़का कुरकुरे का पैकेट लेकर अपनी मां पास भाग गया। इधर, इस बात से नाराज होकर लड़की कमरे में चली गई। जहां उसने सुसाइड कर लिया।

कुछ देर लड़का जब वापस कमरे के पास आया तो कमरा बंद था। इस पर लड़के ने खिड़की से झांक कर देखा, तो लकड़ी फंदे पर झूल रही थी। इसे देखकर लड़का चीखने लगा। चीखने की आवाज पर आसपास के लोग आ गए। उन्होंने लड़की की मां को जानकारी दी। इसके बाद फंदे से उतार कर अस्पताल ले गए। जहां लड़की को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतका की बॉडी बांगड़ हॉस्पिटल की मोर्चरी में रखवाई। जहां से पोस्टमॉर्टम कर पुलिस ने शव परिजनों को सौंपा।

अचानक हुई इस घटना से मृतका के पिता और मां का रो-रो कर बुरा हाल है। उन्हें अब भी यकीन नहीं हो रहा कि खाने-पीने के सामान की छोटी से बात को लेकर हुए भाई-बहन के झगड़े में उनकी ने फंदा लगाकर जान दे दी। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। घटना की जानकारी मिलने पर पार्षद राधेश्याम चौहान और पार्षद प्रतिनिधि बलवंत पटेल हॉस्पिटल पहुंचे और मृतक के परिजनों को सांत्वना दी। साथ ही पोस्टमॉर्टम की कार्रवाई करवाने में सहयोग किया।

**पदमपुरा- सांभरिया** ढूंढ नदी का मामला

## नदी की रपट पर तेज बहाव के चलते मोटरसाइकिल समेत अध्यापक बहा

**बेधड़क** | चाकसू

चाकसू क्षेत्र के बाड़ा पदमपुरा से सांभरिया रोड स्थित ढूंढ नदी की रपट पर तेज बहाव व फिसलन के चलते गुरूवार सुबह एक बाइक सवार अध्यापक बह गया।

गनीमत रही कि मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने कडी मशक्कत के बाद अध्यापक को सकुशल बहाव क्षेत्र से बाहर निकाल कर उसकी समय रहते जिंदगी बचा ली। वरना बड़ा हादसा नजर आ रहा था। जानकारी के मुताबिक अध्यापक हरसहाय मीणा निवासी गोल्यावास तुंगा के अणतपुरा के स्कूल अध्यापक पद पर कार्यरत है। गुरूवार सुबह अपनी बाइक से स्कूल जा रहा था तभी सांभरिया के पास ढूँढ नदी में पानी का तेज बहाव था ओर रपट के उपर से पानी बह रहा था। रपट पार करने के लिए ज्यों ही बाइक को आगे लिया तो फिसलन के चलते तेज बहाव में असंतुलित होकर बाइक सहित बह गया।



आसपास मौजूद ग्रामीणों ने पानी में उतरकर उसे बचाया तथा परिजनो को सूचना दी। सूचना के बाद मौके पर पहुँचे जीएसएस अध्यक्ष मन्नालाल मीणा के साथ परिजनों एवं मौजूद लोगों ने मौक़े पर क्रेन की सहायता से बाइक को ढूंढने का काफ़ी देर तक प्रयास किया, लेकिन पानी के बहाव क्षेत्र में बाइक नही मिली हैं।

**चूरू पुलिस की ऑपरेशन वज्र प्रहार के तहत बड़ी कार्रवाई**

## हिस्ट्रीशीटर के आलीशान होटल को किया ध्वस्त

**बेधड़क** | चूरू



चूरू जिला पुलिस एवं प्रशासन ने थाना हमीरवास के हिस्ट्रीशीटर दिनेश कुमार यादव निवासी रामपुरा द्वारा अवैध गतिविधियों से कमाई गई रकम से गोचर भूमि पर बनाए गए एक आलीशान होटल को ध्वस्त कर दिया है।

जिला पुलिस की अपराधिक प्रवृत्ति वाले व्यक्तियों के विरुद्ध अवैध निर्माण ध्वस्त करने की यह बड़ी कार्रवाई है। एसपी जय यादव ने बताया कि राज्य सरकार के निर्देश पर आपराधिक गतिविधियों में लिप्त बदमाशों द्वारा अतिक्रमण किये गये निर्माण को ध्वस्त करने का विशेष अभियान चलाया जा रहा है। थाना हमीरवास के हिस्ट्रीशीटर दिनेश कुमार के विरुद्ध डकैती, लूट, चोरी, अवैध हथियार, मारपीट करने जैसे गंभीर प्रकृति के कुल 06 अपराधिक प्रकरण दर्ज है। सक्रिय अपराधी होने के साथ हिस्ट्रीशीटर दिनेश कुमार द्वारा गोचर भूमि पर बनाए गए होटल में असामाजिक गतिविधियां चलने की शिकायते पूर्व में भी प्राप्त हुई थी। जिनके सम्बंध में आवश्यक कार्यवाही की गई थी फिर भी हिस्ट्रीशीटर दिनेश कुमार प्रशासन व पुलिस को चुनौती देते हुऐ चोरी छिपे ऐसी गतिविधियों को चला रहा था। इस पर बड़ी कार्रवाई करते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजगढ किशोरीलाल के निर्देशन, सीओ राजगढ़ प्रशांत किरण आईपीएस के नेतृत्व में गुरुवार को एसएचओ हमीरवास मदनलाल विश्नोई एवं उप निरीक्षक फरमान खान मय जाप्ता द्वारा प्रशासन के साथ मिलकर गांव रामपुरा की गोचर भूमि में अतिक्रमण कर बनाये गये अवैध होटल को ध्वस्त किया गया।

**दूसरे दिन भी जारी रहा आंदोलन**

# हेड कांस्टेबल को शहीद का दर्जा देने की मांग पर अड़े लोग

**बेधड़क** | टोंक

जिले में बजरी माफियाओं का आतंक कम होने का नाम नहीं ले रहा है। माफियाओं ने थाना कोतवाली में तैनात हेड कॉन्स्टेबल खुशीराम को ट्रैक्टर से टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई। इस हादसे के बाद बुधवार को टोंक में कलेक्ट्रेट पर दलित समाज ने प्रदर्शन किया और सचिन पायलट मुर्दाबाद के नारे लगाए।

खास बात यह थी कि ये नारे कांग्रेस जिला अध्यक्ष हरिप्रसाद बैरवा की मौजूदगी में लगे। वहीं, गुरुवार सुबह एक बार फिर से टोंक के घण्टाघर चौक पर समाज के लोगों ने आंदोलन किया और कहा कि जब तक हमारी मांगे नहीं मानी जाएगी, तब तक हेड कांस्टेबल खुशीराम का अंतिम संस्कार नहीं किया जाएगा। आंदोलनकारियों की मांग थी कि पुलिसकर्मी को शहीद का दर्जा और परिवार को 1 करोड़ की राशि दी जाए। इन मांगों पर सहमति नहीं बन पाने के कारण बुधवार को मृत पुलिस कर्मी का अंतिम संस्कार नहीं हो सका। अब तक शव जयपुर से टोंक नहीं लाया गया था।



### कृषि कार्य के लिए होती है ट्रॉली

लोगों का कहना था कि ट्रैक्टर ट्रॉली में शामिल ट्रॉली अपने आप में पूरा वाहन होता है। जिस ट्रॉली से हादसा हुआ, उसका न रजिस्ट्रेशन था और न ही बीमा। ट्रॉली भी कृषि कार्य के लिए स्वीकृत थी, जिसे माफिया बजरी परिवहन के काम ले रहे थे। इस मामले में अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई।

### जयपुर में इलाज के दौरान मौत

टोंक के डीएसपी राजेश विद्यार्थी ने बताया कि मंगलवार शाम टोंक शहर में बजरी से भरे ट्रैक्टर-ट्रॉली को हेड कॉन्स्टेबल खुशीराम ने रुकवाया था, लेकिन वह खुशीराम को टक्कर मारकर भाग गया। गंभीर रूप से घायल खुशीराम को इलाज के लिए जयपुर रैफर किया गया। वहां इलाज के दौरान उसकी जयपुर में मौत हो गई। प्रदर्शनकारियों और प्रसाशन के बीच मांगों पर सहमति नहीं बनने के कारण अंतिम संस्कार नहीं हो सका। टक्कर मारने वाले चालक थाना कोतवाली क्षेत्र के तालकटोरा निवासी जावेद उर्फ गफ्फार पुत्र मजीद को पुलिस ने हिरासत में लिया गया है।

### टोंक में बजरी और पत्थर माफियाओं का खौफ

टोंक जिले में बजरी माफिया हो या फिर पत्थर माफिया। शहर से लेकर गांव तक इनका खौफ है। बनास नदी क्षेत्र के आस-पास व हाईवे के आस-पास के गांवों में तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉलियों से हादसे होते रहे है।

### आंदोलनकारियों ने यह रखी मांगें

- पुलिस कर्मी खुशीराम को शहीद का दर्जा दिया जाए।
- उसके परिवार को एक करोड़ का मुआवजा दिया जाए।
- मृतक के परिवार को हाउसिंग बोर्ड में मकान दिया जाए
- गांव की स्कूल का नाम उसके नाम पर रखा जाए
- मृतक के बच्चों को नि:शुल्क शिक्षा की व्यवस्था सरकार करें।

## बंदरों का आतंक, पालिका प्रशासन नहीं दे रहा ध्यान

**चाकसू।** कस्बावासी पिछले लंबे समय से बंदरों के आतंक से परेशान है। हालत यह है कि बंदरों के डर के मारे लोग अपने छतों पर जाने से भी कतराते हैं। पार्षद दिनेश शर्मा ने बताया कि लंबे समय से बंदरों का आतंक लगातार जारी है। बंदरों के आतंक को लेकर पूर्व में भी नगर पालिका प्रशासन को कई बार अवगत कराने के बाद भी इस समस्या का कोई समाधान नहीं हुआ है। बंदरों ने पूर्व में नीलकंठ महादेव मंदिर के पुजारी को भी काटकर घायल कर दिया था जिसमें वह गंभीर घायल हो गए थे। एक बालिका बंदरों के डर से छत से कूद गई थी जिससे वह गंभीर रूप घायल हो गई थी। उसके हाथ पैर फ्रैक्चर हो गए थे। संपूर्ण चाकसू कस्बे में बंदरों को लेकर एक भय का माहौल उत्पन्न हो गया है। चाकसू की चंपेश्वर कॉलोनी, आईडीएसएमटी कॉलोनी, नीलकंठ कॉलोनी, एलबीएस कॉलोनी, मुख्य बाजार सहित अन्य जगह बंदर आए दिन मकान में घुसकर फ्रिज में से सामान निकाल कर बिखर देते हैं, छत पर धूप में सूखने के पकड़े ले जाते हैं। टंकियों के ढक्कन तोड़ देते हैं, पाइप तोड़ देते हैं, जिससे स्थानीय लोगों के घरेलू सामान का भारी मात्रा में नुकसान हो रहा है। पूर्व में नगर पालिका प्रशासन को कई बार लिखित व मौखिक रूप से अवगत करवाने के बाद भी समस्या जस की तस बनी हुई है। बंदरों को पकड़ने को लेकर आज तक कोई टेंडर नहीं लगाया गया। बोर्ड मीटिंग में भी कई बार मामले को उठाया गया।

**पीटीईटी-2024 का परिणाम जारी:** रिजल्ट का इंतजार कर रहे करीब 4 लाख से अधिक अभ्यर्थियों को मिली खुशी

## प्रदेश में लगातार बेहतर हो रही महिला शिक्षा की स्थिति: बैरवा

■ उपमुख्यमंत्री ने दूरभाष पर दी प्रथम स्थान हासिल करने वालों को शुभकामनाएं

**बेधड़क** | जयपुर

उपमुख्यमंत्री एवं उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमचन्द बैरवा ने गुरुवार को वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय के जेएलएन रोड़ स्थित क्षेत्रीय कार्यालय पर पीटीईटी 2024 का परिणाम जारी किया। उन्होंने कहा कि पीटीईटी में महिलाओं की भागीदारी पुरुषों की अपेक्षा अधिक रही है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश में लगातार महिला शिक्षा की स्थिति बेहतर हो रही है।

परीक्षा में पीटीईटी वर्ग में हनुमानगढ के देवीलाल 526 अंकों के साथ, बीएबीएड वर्ग में झुंझूनूं की अक्षरा सैनी 514 अंकों के साथ एवं बीएससी बीएड वर्ग में डूंगरपुर के मीत पसौली 511 अंकों के साथ अव्वल रहे। उपमुख्यमंत्री ने तीनों वर्गो में प्रथम स्थान हासिल करने वाले परीक्षार्थियों को फोन पर शुभकमनाएं प्रेषित की।

■ VMOU के जयपुर स्थित क्षेत्रीय केंद्र में की गई परिणाम की घोषणा



### डिप्टी सीएम ने डॉक्यूमेंट्री देखी

कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री ने वर्धमान खुला विश्वविद्यालय द्वारा तैयार डॉक्यूमेन्ट्री के माध्यम से विश्वविद्यालय के परिसर एवं क्षेत्रिय केन्द्रों, विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध सुविधाओं का भी अवलोकन किया। उन्होंने विश्वविद्यालय प्रबंधन का परीक्षा के समयबद्ध एवं कुशल संचालन के लिए आभार व्यक्त किया।

### 9 जून को हुई थी परीक्षा

उल्लेखनीय है कि 9 जून को 1055 केन्द्रों पर आयोजित हुई पीटीईटी-2024 परीक्षा में कुल 4,28,242 परीक्षार्थियों ने हिस्सा लिया था। कार्यक्रम में उच्च शिक्षा विभाग के प्रमुख शासन सुबीर कुमार, वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. कैलाश सोडाणी, डॉ. भीम राव अम्बेडकर विधि विश्वविद्यालय की कुलपति निष्ठा जायसवाल उपस्थित रहे।

### क्या है पीटीईटी!

राजस्थान राज्य के विभिन्न बीएलएड कॉलेजों में संचालित होने वाले 2 वर्षीय और 4 वर्षीय शिक्षा स्नातक (BEd) पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय (VMOU) कोटा द्वारा प्रवेश परीक्षा आयोजित की गई थी।

**पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विवि के दीक्षांत समारोह में बोले गवर्नर...**

## महिलाओं का हर क्षेत्र में आगे बढ़ना सुखद भविष्य की तस्वीर

■ राज्यपाल एवं कुलाधिपति कलराज मिश्र ने 72 विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल से नवाजा

**बेधड़क** | सीकर

पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय का चतुर्थ दीक्षांत समारोह गुरुवार को राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय के कुलाधिपति कलराज मिश्र की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। इस अवसर पर कुलाधिपति मिश्र ने 72 विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल से नवाजा।

साथ ही, कला संकाय के 82672, विज्ञान संकाय के 40376, वाणिज्य संकाय के 10578, समाज विज्ञान संकाय के 29785, शिक्षा संकाय के 36448 एवं विधि संकाय के 1713 स्नातक एवं स्नातकोत्तर दीक्षार्थियों को उपाधि प्रदान की। समारोह में राज्यपाल मिश्र द्वारा शेखावाटी यूनिवर्सिटी के अंतर्गत आने वाले 370 कॉलेजों के 202572 स्टूडेंट्स की उपाधि जारी की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रगान से किया गया। इसके बाद अतिथियों ने द्वीप प्रज्वलित कर सरस्वती वंदना और विश्वविद्यालय कुलगीत गाया। राज्यपाल ने स्टूडेंट को संविधान की उद्देशिका व संविधान के मूल कर्तव्यों की शपथ दिलाई।



### विद्यार्थियों के लिए जीवन का एक नया अध्याय प्रारंभ

इस दौरान राज्यपाल कलराज मिश्र ने अपने संबोधन में कहा कि आज महिलाएं सभी क्षेत्रों में आगे बढ़कर अपना नाम कमा रही है जो कि भारत के लिए एक सुखद भविष्य की तस्वीर है। उन्होंने कहा कि आज का दिन बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि यहां से शिक्षा प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के लिए जीवन का एक नया अध्याय प्रारंभ हो रहा है। दीक्षांत विद्यार्थियों के लिए नवजीवन का प्रवेश द्वार है, जो कुछ शिक्षा और ज्ञान आपने यहां विश्वविद्यालय में अर्जित किया है। इसका व्यावहारिक उपयोग आप राष्ट्र और समाज के हित में करने के लिए तैयार हुए हैं। समारोह में यूनिवर्सिटी के वॉइस चांसलर प्रो. (डॉ.) अनिल कुमार राय, सीकर पुलिस महानिरीक्षक सीकर रेंज सत्येंद्र सिंह, जिला कलेक्टर कमर उल जमान चौधरी, पुलिस अधीक्षक भुवन भूषण यादव, सहित यूनिवर्सिटी का एडमिनिस्ट्रेशन प्रशासन, प्रोफेसर व स्टूडेंट्स मौजूद रहें।

### पंडित उपाध्याय शिक्षा को मानते थे समाज की जननी

मिश्र ने कहा कि यह विश्वविद्यालय पंडित दीनदयाल उपाध्याय के नाम पर स्थापित है, जो केवल एक महान चिंतक ही नहीं थे, बल्कि उन्होंने भारतीय शिक्षा पर भी महती दृष्टि हमें दी है। उन्होंने अपनी पुस्तक 'राष्ट्र चिंतन' में मानवीय सरोकारों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए राष्ट्रीय समाज के लिए अपना सर्वस्व अर्पित करने की बात कही है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय शिक्षा को समाज की जननी मानते थे। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय शेखावाटी क्षेत्र की उस पावन धरा पर बना है, जो सदैव त्याग, बलिदान और परोपकार की भावना से परिपूर्ण रही है। उन्होंने कहा कि पंडित मदन मोहन मालवीय का कहना था कि शिक्षा मानव जीवन के सर्वांगीण विकास का सबसे बड़ा साधन है। उनका कहना था कि शिक्षा वह है जो विद्यार्थियों की शारीरिक, बौद्धिक तथा भावनात्मक शक्तियों को परिपुष्ट और विकसित करें। उन्होंने कहा कि हमारी नई शिक्षा नीति का मूल भी यही है इसमें शिक्षा को इस तरह से बनाए जाने की बात कही गई है कि जिससे विद्यार्थी रोजगार पाने के योग्य नहीं, बल्कि रोजगार देने में समर्थ बन सके। उन्होंने कहा कि शिक्षा से चरित्र निर्माण ही नहीं होता, बल्कि यह विद्यार्थी के सामाजिक और आर्थिक परिवर्तन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

### शेखावाटी में पग-पग पर गूंजती हैं शहीदों की गाथाएं

शेखावाटी ने भारतीय सेना को सर्वाधिक सैनिक दिए हैं तथा यहां पग-पग पर शहीदों की गाथाएं गूंजती हैं। देश की अर्थव्यवस्था में भी प्रमुख स्थान यहीं के मारवाड़ी सेठों का रहा है। उन्होंने कहा कि भामाशाहों की यह धरती जीवन के उदात मूल्यों से जुड़ी है। उन्होंने कहा की विद्यार्थी हमेशा सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ते रहें, बड़े सपने देखे, कड़ी मेहनत करें और कभी भी सीखना बंद न करें। उन्होंने कहा कि विकसित भारत की संकल्पना युवाओं पर ही निर्भर है इसलिए मैं स्वामी विवेकानंद के उठो जागो और तब तक मत रुको जब तक मंजिल प्राप्त न हो जाए के माध्यम से कहना चाहता हूं कि तब तक अपने लक्ष्य के प्रति लग रहे जब तक की सफल न हो जाए। शिक्षा जगत और उद्योग के बीच की दूरी को बांटने की जरूरत है। राज्यपाल ने कहा कि मुझे यह जानकर प्रसन्नता हुई की इस विश्वविद्यालय में नई शिक्षा नीति के तहत कई पाठ्यक्रमों और डिप्लोमा की पहल हुई है। उन्होंने कहा कि यह विश्वविद्यालय विशिष्ट सामाजिक, आर्थिक समस्याओं के समाधान के लिए अनुसंधान क्षेत्र को भी प्राथमिकता दें, साथ ही स्थानीय संस्कृति, अतीत से जुड़ी वीर गाथाओं, राष्ट्र की अर्थव्यवस्था में यहां के व्यवसायों के योगदान आदि विषयों के आलेखों में भविष्य को दिशा प्रदान करने वाले शोध यहां हो।

### यह दौर स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का

गवर्नर मिश्र ने कहा कि यह दौर स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का है हमें शिक्षा जगत और उद्योग के बीच की दूरी को बांटने की जरूरत है। आत्मनिर्भर भारत के सपने को तभी हम सही मायने में साकार कर सकेंगे, जब उद्योगों को विश्वविद्यालय से अच्छा मानव संसाधन और विद्यार्थियों को व्यावसायिक कौशल प्राप्त हो। उन्होंने शिक्षकों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे हमारे युवाओं को नियमित शिक्षा के साथ-साथ उनमें कौशल को बढ़ाकर स्वरोजगार वह प्रतिस्पर्धात्मक रूप से आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए तैयार करें। उन्होंने कहा कि हमारे शिक्षण संस्थान अनुसंधान प्रौद्योगिकी के विकास, नवाचार और उद्यमिता की भावना को पोषित करने का भी माध्यम बने।

**निर्वाण यूनिवर्सिटी में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन**

## स्टूडेंट्स को ट्रॉफीज प्रदान करके किया सम्मानित

**बेधड़क** | जयपुर

सत्र की शुरुआत के साथ ही निर्वाण यूनिवर्सिटी में प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। विवि की डायरेक्टर पायल ने जानकारी दी कि ग्रामीण क्षेत्र की 12वीं उत्तीर्ण प्रतिभाओं के उत्साहवर्धन के लिए निर्वाण यूनिवर्सिटी ने प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर चेयरमैन डॉ. एस.एल. सिहाग ने सभी उत्तीर्ण स्टूडेंट्स को बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की कामना की साथ ही वाइस चेयरमैन डॉ.आर. के अरोड़ा ने स्टूडेंट्स को संबोधित करते हुए कहा कि स्कूली शिक्षा के बाद उच्च शिक्षा में प्रवेश सभी स्टूडेंट्स के लिए महत्वपूर्ण निर्णय है, इसलिए किसी भी संस्थान में प्रवेश लेने से पूर्व स्टूडेंट्स को वहां की शैक्षणिक और गैरशैक्षणिक गुणवत्ता की जांच करने के बाद ही एडमिशन लेना चाहिए। सभी स्टूडेंट्स को ट्रॉफीज प्रदान कर सम्मानित किया गया।



### कॅरिअर अवसरों की दी जानकारी

प्रो. रेणु नागर और प्रो. एन.डी. जसूजा ने सभी स्टूडेंट्स को आने वाले समय में विभिन्न कोर्सेज में कॅरिअर के अवसरों की जानकारी दी और स्टूडेंट्स का उत्साहवर्धन किया। डायरेक्टर पायल, प्रो.प्रीति शर्मा, डॉ.आलोक सिंह और डॉ. विजय लक्ष्मी ने निर्वाण यूनिवर्सिटी में संचालित कोर्सेज और उपलब्धियों के बारे जानकारी दी। गौरतलब है कि यह प्रतिभा सम्मान समारोह डायरेक्टर पायल के निर्देशन में आयोजित किया गया।

**राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत एनसीईआरटी लाएगी नई किताबें**

## धर्मेंद्र प्रधान ने प्रगति का लिया जायजा

**बेधड़क** | नई दिल्ली

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 (NEP 2020) के तहत एनसीईआरटी शैक्षणिक सत्र 2024-25 से नई किताबें पेश करेगी। जिसे लेकर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता सचिव, एनसीईआरटी के निदेशक और सीबीएसई के अध्यक्ष के साथ एनसीईआरटी की पाठ्यपुस्तकों के विकास में प्रगति का जायजा लिया है।



शैक्षणिक वर्ष 2024-2025 से कक्षा 3 और कक्षा 6 में नई एवं आकर्षित पाठ्यपुस्तकें पेश की जाएंगी। शिक्षा मंत्रालय ने बताया कि पाठ्यपुस्तक विकास कार्य अंतिम चरण में है। कक्षा 3 और 6 के लिए नौ पाठ्यपुस्तकें पहले से ही उपलब्ध हैं, शेष आठ किताबें बहुत जल्द उपलब्ध होंगी। शिक्षा मंत्री प्रधान ने अपडेट पाठ्यपुस्तकों का उपयोग करने वाले कक्षा 3 और 6 के शिक्षकों के लिए प्रशिक्षण पहल की भी समीक्षा की। मंत्रालय ने कहा कि, एनईपी 2020 का उद्देश्य बेहतर शिक्षण परिणामों के लिए सीखने को आनंदमय और तनाव मुक्त बनाने के लिए किफायती मूल्य, उच्च गुणवत्ता वाली पाठ्यपुस्तकें उपलब्ध करना है। एनसीईआरटी राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रावधानों को पूरी तरह से लागू करने के लिए कक्षा 1 से 12 तक के लिए नई पाठ्यपुस्तकों का निर्माण कर रहा है।

## 'एक कदम गांव की ओर' ने किया 101 पौधारोपण

**जयपुर।** आज मंगल्या वाली प्याऊ के निजी स्कूल में एमडीआर रोड प्रागपुरा -पावटा में एनजीओ 'एक कदम गांव की ओर' द्वारा विभिन्न प्रकार के छायादार एवं फलदार वृक्ष लगाए गए। छायादार में शहतूत, नीम, पापड़, श्यामा केशा, मीठा नीम, करंज फलदार में आम, अमरूद, बिल्वपत्र, आंवला, जामुन, सीता फल,अमलतास आदि पौधे लगाए। संस्था अध्यक्ष सेवानिवृत्त तहसीलदार रामनिवास यादव ने संस्था के उद्देश्य के बारे में विस्तार से बताया।



### एक भी वृक्ष मरना नहीं चाहिए

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मधुर सिंह यादव निदेशक दा राजस्थान स्कूल, कोटपूतली ने कहा कि पर्यावरण सुधार के लिए अधिक से अधिक वृक्ष लगाए जाने चाहिए तथा एक भी वृक्ष मरना नहीं चाहिए सारे के सारे जिंदे रहने चाहिए तभी कार्यक्रम की सफलता होगी। स्कूल निदेशक महेश चंद यादव ने संस्था को आश्वस्त किया कि एक भी पौधे को मरने नहीं दिया जाएगा। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कृष्ण कुमार सैनी सीए, जय सिंह यादव प्रधानाचार्य एवं रंगलाल नर्सिंग ऑफिसर ने भी विचार व्यक्त किया।

### ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में राजेंद्र प्रसाद यादव पूर्व डिप्टी रजिस्टार कोऑपरेटिव, हरिपाल वर्मा पूर्व गिरदावर, रामकुमार भूमिका, दिनेश पाथरेड़ी, देवेश फोटोग्राफर,राजीव गुप्ता व्यवसायी दिल्ली, डीडी यादव एडवोकेट सर्वोच्च न्यायालय, हवा सिंह, विक्रम , सत्यवीर, प्रमोद सहित शाला का स्टाफ उपस्थित रहा।

**कॅरिअर** | **बीएचयू के मैनेजमेंट छात्रों का सफल प्लेसमेंट**

## उच्चतम पैकेज ऑफर मिला 23.5 लाख रु. प्रति वर्ष

**बेधड़क** | नई दिल्ली

बनारस हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) के इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज ने इस साल शानदार प्लेसमेंट सीजन रहा। छात्रों ने अग्रणी कंपनियों में प्रतिष्ठित पद हासिल किए, जिसमें सबसे ज्यादा ऑफर 23.5 लाख रुपये सालाना रहा। इस साल के शानदार प्रदर्शन से यह साफ है कि बीएचयू की गिनती देश के शीर्ष बी-स्कूलों में होती है।

फैकल्टी ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज-बीएचयू के प्लेसमेंट कोऑर्डिनेटर डॉ. आशुतोष मोहन ने बताया कि एमबीए, एमबीए इंटरनेशनल बिजनेस और एमबीए एग्रीबिजनेस के छात्रों ने सफल प्लेसमेंट हासिल किया। 165 छात्रों को 181 ऑफर मिले, जिनका औसत पैकेज 11.1 लाख रुपए सालाना रहा।

बीएचयू के प्लेसमेंट सीजन में 65 से अधिक प्रतिष्ठित कंपनियों ने हिस्सा लिया। इनमें इंफोसिस, जेनपैक्ट, कॉग्निजेंट, महिंद्रा फाइनेंस, अडानी विल्मर, वोल्वो आयशर कमर्शियल व्हीकल, रिलायंस रिटेल, फेडरल बैंक, आईडीबीआई बैंक, उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, डिजिट जनरल इंश्योरेंस, वीजा स्टील, बजाज एसेट मैनेजमेंट, यूनिक्लो, अमूल और एस्कॉर्ट्स कुबोटा शामिल हैं।




### कृषि व्यवसाय क्षेत्र में भी अवसर

कृषि व्यवसाय क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनी डीसीएम श्रीराम फार्म सॉल्यूशंस ने कई एमबीए (कृषि व्यवसाय) छात्रों की भर्ती की, जिसमें कई छात्रों को प्री-प्लेसमेंट ऑफर मिले। डीन प्रोफेसर माथुर ने छात्र प्लेसमेंट समन्वय टीम के सदस्यों - अभिजीत चक्रवर्ती, हर्षिता शरण श्रीवास्तव, प्रांजल के राय, अभिषेक यादव, पारुल बहोत्रा और प्रेमांशु सिंह की कड़ी मेहनत की सराहना की। एफएमएस-बीएचयू के निदेशक प्रोफेसर आशीष बाजपेयी ने प्लेसमेंट टीम को बधाई दी और छात्रों को "व्यवसाय के लिए तैयार" बनाने में शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने छात्रों के उत्साह और व्यवसाय और समाज में महत्वपूर्ण योगदान देने के उनके संकल्प की प्रशंसा की।

### BHU Placements 2024: छात्रों को शीर्ष स्थान प्राप्त

एफएमएस-बीएचयू के डीन और प्रमुख, एचपी. माथुर ने भर्तीकर्ताओं के दृढ़ विश्वास के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि 36% छात्रों को एमटी-सेल्स एंड मार्केटिंग, एमटी-फाइनेंस, एमटी-बिजनेस एक्सीलेंस, एमटी-स्ट्रेटेजी एंड प्रोजेक्ट्स, एमटी-एलायंस एंड इलेक्ट्रॉनिक पेमेंट्स, एमटी-रिटेल ऑपरेशंस आदि जैसे विभिन्न उप-प्रोफाइल के साथ कार्यकारी/प्रबंधन प्रशिक्षु की भूमिका की पेशकश की गई है। इसके अलावा, 21% छात्रों ने एसोसिएट/वरिष्ठ सलाहकार की भूमिका हासिल की, जबकि 13% ने सहायक/उप प्रबंधक की भूमिका हासिल की। बीएचयू के प्लेसमेंट सीजन में कॉग्निजेंट, इंफोसिस, जेनपैक्ट, वीयर एनालिटिक्स, हेक्सावेयर टेक्नोलॉजीज, एक्सिओम कंसल्टिंग, एमआरसीसी ग्रुप और लॉयल्टी जुगर्नोट जैसी कई आईटी कंपनियों ने कंसल्टिंग और एनालिटिक्स के क्षेत्र में कई पदों की पेशकश की। विश्वविद्यालय ने कहा कि साउथ इंडियन बैंक, बंधन बैंक, जन बैंक, एसबीआई लाइफ, आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल एएमसी और यूटीआई म्यूचुअल फंड जैसी प्रतिष्ठित कंपनियों ने भी विपणन, वित्त, परिचालन और मानव संसाधन जैसे क्षेत्रों में आकर्षक पदों की पेशकश की है।

# निर्धारित मान्यताओं का पालन करना सबका कर्तव्य



अशोक 'प्रवृद्ध'
स्वतंत्र टिप्पणीकार

वैदिक, पौराणिक व लौकिक मान्यतानुसार वर्णाश्रम धर्म का पालन करने वालों, परमात्मा और जीवात्मा के अस्तित्व पर विश्वास करने वालों, कर्म फल और पूर्व जन्म को स्वीकार करने वालों, मानव के लिए निर्धारित दस धर्म पर आचरण करने वालों को हिन्दू की संज्ञा से विभूषित किया जाता है। भारत में रहने वाले और इन विचारों को मानने वालों को हिन्दू नाम विगत लगभग दो सहस्त्र वर्ष से चला आ रहा है। इससे पूर्व हिन्दू को भारतीय, आर्य अथवा वेदानुयायी कहा जाता था, किन्तु नाम बदल जाने से अस्तित्व का आधार तो नहीं बदल सकता। गुजरात के राजकोट जिला के मोरबी के पास स्थित काठियावाड़ क्षेत्र में पिता -करशनलाल जी तिवारी और माता अमृता (अम्बा) बाई के घर में 12 फरवरी 1824 को उत्पन्न बालक का जन्म राशि और मूल नक्षत्र में होने के कारण ना मूलशंकर रखा गया, लेकिन कालांतर में उनको स्वामी दयानन्द सरस्वती के नाम से जाना जाने लगा। गुजरात के ही पोरबंदर गांव में 2 अक्टूबर 1869 को पिता- करमचंद गांधी तथा माता-पुतलीबाई के घर जन्मे मोहनदास करमचंद गांधी को कालांतर में महात्मा और बाद में राष्ट्रपिता के नाम से संबोधित किया जाने लगा, किन्तु मूल व्यक्ति तो मूलशंकर और मोहनदास करमचंद गांधी ही थे। नाम बदल जाने पर भी इनके अस्तित्व का आधार तो नहीं बदला। व्यक्ति तो वही थे।

इसी प्रकार वेद मतानुयायी, भारतीय और हिन्दू समानार्थी शब्द हैं। भारतीय और हिन्दू नाम तो स्थान के उद्बोधक हैं। तदपि वेद के साथ इन नामों का अटूट संबंध होने के कारण यह तीनों नाम समानार्थक ही समझे जाते हैं। भारतीय परंपरा में प्रत्येक हिन्दू के नामकरण संस्कार के अवसर पर वेदमंत्रों का उच्चारण किया जाता है। फिर भी कुछ भ्रमग्रस्त जन वेद को भारतीय और हिन्दू से पृथक अर्थ वाला मानते हैं, किन्तु यह पूर्ण सत्य नहीं है। उसका कारण यह है कि भारतवर्ष में रहने वाले और हिन्दू नाम से जाने वाले लोगों में मूल रूप में वेद ही जीवन का विधि विधान बताने वाले हैं। हिन्दुओं के मध्य अत्यंत प्रतिष्ठित धर्म ग्रंथ श्रीमद्भगवद्गीता 13/5 में इस विषय पर प्रकाश डालते हुए कहा गया है-

*ऋषिभिर्बहुधा गीतं छन्दोभिर्विविधैः पृथक्।*
*ब्रह्मसूत्रपदैश्चैव हेतुमद्भिर्विनिश्चितैः।।*
*-श्रीमद्भगवद्गीता 13/5*

अर्थात- ऋषियों द्वारा अनेक प्रकार से वर्णन किया गया वेद मंत्रों द्वारा तथा अनेक प्रकार से पृथक- पृथक रूप में ब्रह्म सूत्रों में कहा गया और तर्क द्वारा निर्धारित किया गया विषय ही इस गीता में कहा गया है। इस दृष्टि से हिन्दू समाज में उन सबकी गणना की जा सकती है, जो इन सब अथवा इनमें से किसी एक साधन द्वारा अपने जीवन में प्रेरणा प्राप्त करता है।

> “अन्य देशों की मान्यताएं क्या हैं और क्या नहीं? इससे हमारा संबंध नहीं है। भारतीय परंपरा में भारत देश का नागरिक होने के लिए कुछ ऐसी मान्यताओं का पालन करना आवश्यक है, जो परंपरा द्वारा निर्धारित कर दी गई है। वह मान्यताएं अति प्राचीन काल से इस देश में प्रचलित हैं। न केवल इतना कि वे मान्यताएं प्राचीन काल से प्रचलित हैं, इसलिए माननीय है, अपितु ये युक्ति युक्त हैं। इसलिए माननीय हैं।”


वेद मंत्रों द्वारा ऋषियों ने जीवन -यापन की विधि बखान की है। वेदोक्त ऋत ब्रह्म सूत्र के मंत्रों में वर्णित बातें सब एक ही परिणाम पर पहुंचने वाली होती हैं। वह परिणाम है- वेद, भारतीय और हिन्दू। आर्य का अर्थ है- श्रेष्ठ। मानवता एक जीवन विधि है और उसमें भी श्रेष्ठ विधि आर्य है। इससे सिद्ध होता है कि आर्य तो विशेषण मात्र है। आर्य भारतीय अथवा आर्य हिन्दू कहा जा सकता है। आर्य न होते हुए भी अर्थात मानवता उत्कृष्ट न होते हुए भी भारतीय और हिन्दू हो सकता है। आर्य होने से श्रेष्ठ भारतीय अथवा श्रेष्ठ हिन्दू का अभिप्राय लिया जाएगा। कोई व्यक्ति मानता है कि मानव के दस धर्म के अंतर्गत धैर्य रखना अथवा सत्य बोलना धर्म का लक्षण है, परंतु किसी कारणवश अथवा मानवीय दुर्बलता के कारण सत्य बोलने में त्रुटि रह जाती है और उसमें असत्य का मिश्रण हो जाता है, तब भी इस त्रुटि पूर्ण व्यवहार के होने पर भी यदि मानव मानता है कि सत्य बोलना धर्म है। धैर्य धारण करना धर्म है।

ऐसे व्यक्ति के व्यवहार को दोष युक्त मानते हुए भी जब तक वह अपनी मान्यताओं में इन कर्मों को अपना धर्म मानता है, और उन पर आचरण के लिए प्रयत्नशील रहता है, उसे हिन्दू, भारतीय अथवा वेदानुयायी ही माना जाएगा। इसका मुख्य कारण यह है कि जीवन परिपूर्ण नहीं है। इसमें अपूर्णता रह जाती है। जब तक मनुष्य का मुख हिन्दू मान्यताओं की ओर है। अर्थात वह उन मान्यताओं के पालन का यत्न करता रहता है, तब तक वह हिन्दू ही है। स्पष्ट है कि जब तक हिन्दू का मुख अपनी मान्यताओं की ओर है, वह अपनी पूर्णता की ओर अग्रसर है। यह दूसरी बात है कि कोई दस पग आगे बढ़ा हुआ हो सकता है और कोई दस पग पिछड़ा हुआ। यद्यपि इसकी त्रुटि क्षम्य नहीं मानी जा सकती, किन्तु वह त्रुटि उसको हिन्दू होने से वंचित नहीं कर सकती। मनुष्य यद्यपि अपूर्ण है, तदपि वह पूर्णता की ओर पग बढ़ा रहा है। जब तक वह उचित दिशा में चल रहा है अर्थात वेद धर्म का पालन कर रहा है वह हिन्दू ही है। वह कितना आगे अथवा कितना पीछे है, यह प्रश्न उसके हिन्दू होने से सर्वथा पृथक है। आर्य उसको कहा जा सकता है, जो अपनी मान्यताओं में दक्ष है। अर्थात जो अपने कर्मों का अधिक श्रेष्ठता से पालन करता है। विभिन्न देशों की कुछ विशेषताएं होती हैं। उन्हें परंपराएं कहा जाता है। इस दृष्टि से जो आदिकाल से भारतवर्ष में रहते आए हैं, उनकी भी कुछ परंपराएं हैं। परंपराएं भी दो प्रकार की होती है। एक वे हैं, जिनका संबंध व्यवहार से है और दूसरी परंपराएं वे हैं, जिनका संबंध मान्यताओं के साथ है। व्यवहार मान्यताओं के अनुकूल होना चाहिए किन्तु वह शत प्रतिशत मान्यताओं के आधार पर हो यह आवश्यक नहीं है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## 5 वीं से 7 वीं शताब्दी तक रहा ज्ञान का सबसे बड़ा केंद्र

# विरासत को सहेजता नालंदा विश्वविद्यालय





अरविंद जयतिलक
स्वतंत्र टिप्पणीकार

> “उत्खनन से प्राप्त अवशेषों से जानकारी मिलती है कि विश्वविद्यालय में व्याख्यान हेतु छोटे-बड़े कई कमरे थे। पुरातत्वविदों का निष्कर्ष है कि यहां 7 बड़े और तकरीबन 300 से अधिक छोटे कक्ष थे। शैलेन्द्र शासक बालपुत्र देव द्वारा तत्कालीन मगध के राजा देवपाल की अनुमति से नालंदा में जावा से आए भिक्षुओं के निवास के लिए एक विहार के निर्माण का भी उल्लेख है।”

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गत दिनों नालंदा विश्वविद्यालय के नए परिसर की शुरुआत करते हुए सच ही कहा कि आग की लपटें ज्ञान नहीं मिटा सकती। क्योंकि नालंदा सत्य का उद्घोष है। नालंदा के विध्वंस ने भारत को अंधकार से भर दिया था, लेकिन अब उसकी पुनःस्थापना से भारत के स्वर्णिम युग की शुरुआत हो चुकी है। प्रधानमंत्री का यह कथन इस मायने में महत्वपूर्ण है कि नालंदा विश्वविद्यालय कई शताब्दियों तक अपनी ज्ञान-विज्ञान और शिक्षा-संस्कार से विश्व समुदाय को आलोकित करता रहा। आज वह फिर अपनी प्रासंगिकता और उपादेयता को सिद्ध करने को तैयार है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2005 में तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम ने इस प्रतिष्ठित संस्थान को पुनःस्थापना करने का विचार दिया। वर्ष 2016 में तत्कालीन राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी ने इसका शिलान्यास किया और वर्ष 2017 में विश्वविद्यालय को संवारने का काम शुरू हो गया। आज की तारीख में यहां पठन-पाठन सुचारु रूप से जारी है। यूनेस्को ने इसे वैश्विक धरोहरों में शामिल कर इसकी गरिमा में चार चांद लगा दी है। इससे न सिर्फ ऐतिहासिक विरासत को सहेजने में मदद मिल रही है, बल्कि इसके जरिए दक्षिण-पूर्व एशिया में सामाजिक और सांस्कृतिक विकास को सुनिश्चित करने और संबंधों को पुर्नस्थापित करने में भी मदद मिल रही है।

इतिहास के गर्भ में जाएं तो बौद्ध शिक्षा केंद्र नालंदा विश्वविद्यालय की एक गौरवमयी पृष्ठभूमि रही है। 5 वीं से 7 वीं शताब्दी के मध्य यह विश्वविद्यालय अपनी ज्ञान ज्योति से संपूर्ण संसार को आलोकित करता रहा। ऐतिहासिक दस्तावेजों से जानकारी मिलती है कि इस विश्व प्रसिद्ध विश्व विद्यालय की स्थापना गुप्तवंशी शासक कुमारगुप्त ने की थी। चीनी यात्री ह्वेनसांग एवं अन्य बौद्ध यात्रियों ने अपने विवरणों में सम्राट कुमारगुप्त को इस विश्वविद्यालय का संस्थापक बताया है। गुप्तवंशी शासक कुमार गुप्त (414 से 455) द्वारा इस बौद्ध शिक्षा केंद्र को दान दिए जाने का उल्लेख मिलता है। चीनी यात्री ह्वेनसांग ने अपने विवरण में लिखा है कि 470 ई0 में गुप्त सम्राट नरसिंह गुप्त बालादित्य ने नालंदा में एक सुंदर मंदिर निर्मित करवाकर इसमें 80 फीट ऊंची तांबे की बुद्ध प्रतिमा को स्थापित करवाया। चीनी यात्री इत्सिंग के विवरण से भी नालंदा विश्वविद्यालय के बारे में भरपूर जानकारी मिलती है। उसने इसकी विशालता का उल्लेख करते हुए यहां छात्रों की संख्या 3000 बताया है। जिस समय चीनी यात्री ह्वेनसांग नालंदा विश्वविद्यालय में शिक्षा ग्रहण कर रहा था, उस समय विद्यार्थियों की संख्या करीब 10000 और शिक्षकों की संख्या 1500 थी। ऐसा कहा जाता है कि यहां के पुस्तकालय में हजारों की संख्या में पुस्तकें एवं संस्मरण उपलब्ध थे।

उल्लेखनीय है कि तुर्क शासक बख्तियार खिलजी ने 1199 ई में इस विश्वविद्यालय में आग लगवा दी। कहा जाता है कि इस विश्वविद्यालय में इतनी पुस्तकें थी कि पूरे तीन महीने तक यहां आग धधकती रही। अनेक धर्माचार्यों और शिक्षकों की हत्या कर दी गई। चीनी यात्री ह्वेनसांग कन्नौज के राजा हर्षवर्धन के शासनकाल में जब भारत आया तो उसने लगभग 6 वर्षों तक नालंदा विश्वविद्यालय में अध्ययन किया। उसके ग्रंथ सी-यू-की से तत्कालीन भारतीय समाज व संस्कृति के बारे में भरपूर जानकारी मिलती है। ह्वेनसांग ने अपने विवरण में अपने समय के महान विद्वान शिक्षकों- धर्मपाल, चंद्रपाल, गुणपति, स्थिरमति, प्रभामित्र, जिनमित्र, आर्यदेव, दिगनाग और ज्ञानचंद्र इत्यादि का उल्लेख किया है। ये शिक्षक अपने विषयों के साथ-साथ अन्य विषयों में भी पारंगत, निपुण और ज्ञानवान थे। नागार्जुन, असंग, वसुबंधु जैसे महान बौद्ध महायानी इसी विश्वविद्यालय की उपज थे। असंग की महायान सूत्रालंकार, वसुबन्धु का अभिधर्म कोश और नागार्जुन की दिव्यावदान, महावस्तु, मंजूश्रीमूलकल्प, प्रज्ञापारमिता, शतसाहस्त्रका और माध्यमिका सूत्र जैसी रचनाएं नालंदा विश्वविद्यालय के ज्ञान की ही देन है।

नालंदा विश्वविद्यालय में बौद्ध धर्म एवं दर्शन के अतिरिक्ति न्याय, तत्वज्ञान, व्याकरण एवं विज्ञान की भी शिक्षा दी जाती थी। वस्तुतः नालंदा विश्वविद्यालय के अधिकतर छात्र तिब्बतीय बौद्ध संस्कृतियों वज्रयान और महायान से संबंद्ध थे। विश्वविद्यालय प्रशासन जितना कठोर था, शिक्षा को लेकर उतना ही जागरुक, संवेदनशील और सतर्क था। यह इसी से समझा जा सकता है कि प्रवेश के इच्छुक विद्यार्थियों को पहले द्वारपाल से वाद-विवाद करना पड़ता था और फिर उसमें उत्तीर्ण होने पर ही उन्हें प्रवेश मिलता था। छात्रों को रहने के लिए छात्रावास की सुविधा उपलब्ध थी। इत्सिंग के लेखन के अनुसार यहां होने वाले चर्चाओं में सभी की भागीदारी आवश्यक थी। सभा में मौजूद सभी लोगों के फैसले पर संयुक्त रुप से आम सहमति की आवश्यकता होती थी।

विश्वविद्यालय के संचालन के लिए राजाओं द्वारा विशेष अनुदान दिया जाता था। लेकिन विश्वविद्यालय के संचालन में उनका किसी तरह का हस्तक्षेप नहीं था। आश्चर्य यह कि बौद्ध धर्म न अपनाने वाले शासक भी इस विश्वविद्यालय को भरपूर अनुदान देते थे। यह शिक्षा के प्रति उनकी अनुरक्ति को ही रेखांकित करता है। विश्वविद्यालय को सुचारु रुप से चलाने के लिए हर्षवर्धन ने 200 ग्रामों का अनुदान दिया था जिससे पर्याप्त राजस्व प्राप्त होता था। वैष्णव धर्म के अनुयायी गुप्त शासक भी नालंदा विश्वविद्यालय को भरपूर अनुदान देने में अपना गौरव समझते थे। नालंदा विश्वविद्यालय का प्रांगण बहुत बड़ा था। उत्खनन से प्राप्त अवशेषों से जानकारी मिलती है कि विश्वविद्यालय में व्याख्यान हेतु छोटे-बड़े कई कमरे थे। पुरातत्वविदों का निष्कर्ष है कि यहां 7 बड़े और तकरीबन 300 से अधिक छोटे कक्ष थे। शैलेन्द्र शासक बालपुत्र देव द्वारा तत्कालीन मगध के राजा देवपाल की अनुमति से नालंदा में जावा से आए भिक्षुओं के निवास के लिए एक विहार के निर्माण का भी उल्लेख है। इस अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त विश्वविद्यालय में भारत के अलावा जावा, चीन, तिब्बत, श्रीलंका, एवं कोरिया के विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण करने आते थे। विद्यार्थियों के बीच बौद्ध दर्शन के अलावा अन्य विषयों इतिहास, भूगोल, तर्कशास्त्र और विज्ञान पर भी वाद-विवाद होता था, लेकिन बौद्ध धर्म की महायान शाखा का विशेष रूप से अध्ययन-अध्यापन होता था। शिक्षा पालि भाषा में दी जाती थी। यहां हस्तलिखित ग्रंथों का एक नौ मंजिला 'धर्मगज' नामक पुस्तकालय था जो तीन बड़े भवन रत्नसागर, रत्नोदधि और रत्नरंजक नाम से विभाजित था। समय की जानकारी के लिए जलघड़ी का उपयोग होता था। इसके अलावा भी कई ऐसे वैज्ञानिक व सांस्कृतिक तथ्य हैं जो नालंदा विश्वविद्यालय की उत्कृष्टता का बोध कराते हैं। आज पुनः नालंदा विश्वविद्यालय जीवंत हो उठा है और ज्ञान की विरासत को सहेजने को तैयार है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## व्यंग्य

# भ्रष्टाचार की उछालें



दिनेश विजयवर्गीय
व्यंग्यकार

मैंने अपनी स्टूडेंट लाइफ में एक स्कूल के वार्षिक उत्सव में भ्रष्टाचार पर एक नाटक देखा, जिसमें एक ईमानदार व्यक्ति से भ्रष्टाचार करने वाला कह रहा था कि भ्रष्टाचार हर कोई नहीं कर सकता। यह भी एक साहसी कला है। जो सबके बलबूते की नहीं है। कमजोर दिल वाला तो इसे दूर से ही राम-राम करता है।

आज तो यह कला यहां वहां मत पूछो कहां-कहां देश में रबड़ की गेंद की तरह उछालें मार रही है। जो भ्रष्टाचारी है वह यदि जेल भी चला जाएगा तो कुछ ही दिनों में जमानत पर बाहर आ जाएगा। अब सजा का डर और सामाजिक संकोच समाप्त हो गया। भ्रष्टाचार का ग्राफ आए दिन बढ़ता जा रहा है।

इन दिनों वर्षा चालू हो गई। इसने कई जगह भ्रष्टाचारियों की पोल खोल कर रख दी। अभी एक प्रदेश में एक सप्ताह में कई पुल टूट गए। इनका टूटना लगा जैसे कभी क्रिकेट के खेल की तरह आउट होने का सिलसिला तू चल मैं आया की तरह चला हो। करोड़ों रुपए भ्रष्टाचार में समा गए। जनता चुप-चुप देख रही है भ्रष्टाचारी परंपरा को। पुल के उद्घाटन के लिए नेताजी कलफ लगे कुर्ता पजामा लिए तैयार बैठे थे, पर भाग्य ने उन्हें उद्घाटन का अवसर ही नहीं दिया।

कई महीनों से आशा थी कि एक दिन मांगलिक अवसर आएगा और पुल का शुभारंभ होगा। पर अनहोनी को कौन टाले। भ्रष्टाचार से बना पुल ताश के पत्तों की तरह ढह गया

नेता ठेकेदार इंजीनियर टूटने पर सब लीपा पोती करने लगे। सड़कों का निर्माण में भी गुणवत्तापूर्ण माल की जगह घटिया सामग्री से निर्माण होता रहता है। एक बरसात भी सह नहीं पाती सड़के उखड़ने लगती हैं। अब भ्रष्टाचारी निर्माण हवाई अड्डे तक ही पहुंच गया। बारिश तेज हुई कि कुछ समय पूर्व बनी छत अपने ही भ्रष्टाचारी बोझ से टूट गई। भ्रष्टाचारी चुप है, वह जानते हैं कि कुछ दिनों बाद सब कुछ सामान्य हो जाएगा।

ईमानदारी संतोषी वाला सोच तो रह ही कहां गया? संस्कार की बातें तो कुनेन की गोली की तरह कड़वी लगती है। इसलिए संस्कारहीनता का भ्रष्टाचारी जाल बिछाकर अब सब ओर फल फूल रहा है। कहां कहां किस-किस से किस-किस की जांच कराओगे। आज तो पूरे कुएं में भांग खुली हुई है। जनता के भाग्य में तो भ्रष्टाचार के दुष्परिणामों को भुगतते देखते रहना है।

X



**नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री
@narendramodi
मैं चुनावी जीत-हार के लिए भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई नहीं लड़ रहा, बल्कि 140 करोड़ देशवासियों के लिए ये मेरा मिशन है। संदेशखाली जैसी शर्मनाक घटना पर कांग्रेस, टीएमसी और इंडी गठबंधन के नेताओं को कोई पीड़ा नहीं है। महिलाओं के खिलाफ अत्याचार को लेकर विपक्ष का यह सलेक्टिव रवैया बहुत चिंताजनक है। कांग्रेस के कारनामों से ही पता चलता है कि वो देश के संविधान की सबसे बड़ी विरोधी है। कांग्रेस की SC-ST-OBC विरोधी मानसिकता के एक नहीं, अनेक उदाहरण हैं।



**भजनलाल शर्मा,** मुख्यमंत्री, राजस्थान
@BhajanLalBJP
अजेय भारत, विजयी भारत। राजस्थान की बिटिया सुश्री सुनीता मीणा जी के नेतृत्व में भारतीय लेक्रोज टीम ने उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन के साथ एशियन सीनियर लेक्रोज स्पर्धा के सेमीफाइनल में अपना स्थान सुनिश्चित किया है। यह उल्लेखनीय है कि इस प्रतियोगिता में भारतीय टीम ने पहली बार भाग लिया और प्रथम प्रयास में ही सेमीफाइनल में प्रवेश किया है। इस शानदार उपलब्धि पर सभी देशवासियों को बधाई एवं भारतीय टीम की सभी ऊर्जावान खिलाड़ियों का अभिनंदन। विजय की यह स्वर्णिम यात्रा जारी रहे, यही मंगलकामना है। जय हिंद!



**योगी आदित्यनाथ,** मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश
@myogiadityanath
पूरे प्रदेश में हर व्यक्ति वृक्षारोपण महाभियान का हिस्सा बनकर मां के नाम पर एक पेड़ जरूर लगाएं।

## बाबा नागार्जुन: कविता के माध्यम से करते थे जनविरोधी नीतियों की खुलकर आलोचना

# जनकवि हूं साफ कहूंगा क्यों हकलाऊं...



ज़ाहिद ख़ान
स्वतंत्र टिप्पणीकार

ये पंक्तियां बाबा नागार्जुन की कविता की हैं। इसमें वे स्पष्ट शब्दों में कहते हैं कि वे जनकवि हैं। स्पष्ट कहेंगे और कहते हुए बिल्कुल नहीं घबराएंगे। मौजूदा दौर में कितने ऐसे कवि हैं, जिनके ये तेवर हैं। जो सत्ता के सामने खम ठोककर, खड़े हो जाएं। सरकार की जनविरोधी नीतियों की अपनी कविताओं में खुलकर आलोचना करें, जबकि नागार्जुन का सारा काव्य साहित्य सत्ता के विरोध का साहित्य है। सच को सच और झूठ को झूठ कहने का साहस उनमें था। देश में कोई भी सत्ता रही हो, वह हमेशा सच के साथ रहे। झूठ और सत्ता के दोगलेपन का उन्होंने जमकर विरोध किया। नागार्जुन प्रगतिशील धारा के जनकवि थे। आजादी से पहले उन्होंने किसानों-मज़दूरों के आंदोलनों में हिस्सा लिया। अपनी ज़िंदगी में वे तीन बार जेल गए। सत्ता का विरोध और आंदोलनों में रचनात्मक भूमिका उनकी शख्सियत का हिस्सा रहीं। वे उस दौर के कवि हैं, जब देश राजनीतिक उथल-पुथल और जन आंदोलनों के दौर से गुजर रहा था। बाबा नागार्जुन की गिनती उनके समकालीन कवियों केदारनाथ अग्रवाल, शमशेर बहादुर सिंह, त्रिलोचन, रघुवीर सहाय के साथ होती है। हम जब भी उनकी तस्वीर देखते हैं, उसमें हमें उनकी देशज छवि नज़र आती है। जिनमें कहीं कोई बनावटीपन नहीं था। वे दोहरा चरित्र जीने में यकीन नहीं करते थे। बाबा नागार्जुन की पूरी जिंदगी फक्कड़पन और घुमक्कड़ी में बीती।

बावजूद इसके वे लगातार लिखते रहे। जनता के दुख-दर्द को उन्होंने अपनी आवाज दी। पं. जवाहरलाल नेहरू, महात्मा गांधी, इंदिरा गांधी, बाल ठाकरे से लेकर मायावती तक को उन्होंने अपनी रचनाओं का मौज़ूअ बनाया। जरूरत पड़ी, तो उनकी मुखालफत की, लेकिन सच कहने से नहीं हिचके। नागार्जुन की रचनाओं में मानवीय पीड़ा, लोक संस्कार, दबे-कुचले लोगों की आवाज़ और अपने समय की राजनीतिक घटनाओं पर त्वरित टिप्पणियां मिलती हैं। उन्होंने अपनी कविताओं के मार्फत तात्कालिक विषयों को उठाया। उन्हें शब्दों का काव्यात्मक जामा पहनाया। उनकी कविताओं में व्यंग्य की धार पैनी दिखाई देती है। यही सब बातें नागार्जुन और उनकी कविताओं को जनप्रिय बनाती हैं। उनकी कविताओं को लिखे हुए एक लंबा अरसा हो गया, लेकिन आज भी उनकी कविताएं याद की जाती हैं। मुहावरे की तरह दोहराई जाती हैं। गरीबी, भूख, अत्याचार और कुशासन के खिलाफ उन्होंने जमकर लिखा। हक की बात करने से वे ज़रा भी नहीं हिचकिचाए।

1911 में बिहार के मधुबनी जिले के सतलखा गांव में जन्मे बाबा नागार्जुन का असली नाम वैद्यनाथ मिश्र था। लेकिन हिंदी साहित्य में 'नागार्जुन' और मैथिली में 'यात्री' नाम से उन्होंने कविताएं लिखीं। बाबा की औपचारिक शिक्षा अधिक नहीं हो पाई। उन्होंने जो कुछ सीखा जीवन अनुभवों से सीखा। राहुल सांकृत्यायन से प्रभावित होकर, उन्होंने श्रीलंका जाकर पाली भाषा सीखी और वहीं उन्हें नागार्जुन नाम मिला। मैथिली, हिन्दी, पाली, संस्कृत, बांग्ला समेत उन्हें कई भाषाएं आती थीं। स्पष्ट विचार, धारदार टिप्पणी, गरीबों और मज़लूमों की आवाज़ उनकी कविताओं में प्रमुखता से शामिल रही। हिंदी कविता में सही मायनों में कबीर के बाद, यदि कोई फक्कड़ और जनकवि कहलाने का उत्तराधिकारी हुआ, तो वो बाबा नागार्जुन थे। आज़ादी से पहले 1941 के आस-पास जब बिहार में किसान आंदोलित हुए, तो बाबा सब कुछ छोड़कर आंदोलन का हिस्सा बने और जेल भी गए। आज़ादी के बाद भी उनका संघर्ष खत्म नहीं हुआ। उनके बगावती तेवर बरकरार रहे। ब्रिटेन की महारानी जब भारत आईं, तो बाबा नागार्जुन ने अपनी कविता में उन्हें संबोधित करते हुए लिखा-

***आओ रानी, हम ढोयेंगे पालकी,***
***यही हुई है राय जवाहरलाल की***
***रफू करेंगे फटे-पुराने जाल की***
***आओ रानी, हम ढोयेंगे पालकी!***

बाबा नागार्जुन एक प्रतिबद्ध कवि थे। और उनकी यह प्रतिबद्धता जनता के प्रति थी। कविता में वे अपनी प्रतिबद्धता को कुछ इस तरह से व्यक्त करते थे। 1975 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने देश में आपातकाल लगाया। समाजवादी लीडर जयप्रकाश नारायण के नेतृत्व में एक ज़बर्दस्त आंदोलन हुआ। जिसमें देशभर के लोग सत्ता की बर्बरता के खिलाफ लामबंद हुए, इन हालात पर नागार्जुन ने सत्ता के शीर्ष पद पर बैठी नेता की भी अपनी कविताओं से खूब आलोचना की। बाबा नागार्जुन की कविताओं में ज़िंदगी के कई रंग और उतार-चढ़ाव देखने को मिलते हैं। अकाल के दिनों में लिखी उनकी कविता में आम आदमी की बदहाल ज़िंदगी और उसके जीवन का जो संघर्ष दिखाई देता है, ऐसा हिंदी कविता में विरल है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

जम्मू कश्मीर में विधानसभा चुनाव की आहट... 15 जुलाई से शुरू होगा सदस्यता अभियान

# दिल्ली पहुंचे भाजपा के शीर्ष नेता, चुनावी रणनीति पर किया मंथन

एजेंसी | नई दिल्ली

भाजपा ने जम्मू कश्मीर में होने वाले आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर गुरुवार को दिल्ली में उच्चस्तरीय बैठक की। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जम्मू कश्मीर भाजपा नेताओं के साथ बैठक में विधानसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में राष्ट्रीय महासचिव एवं जम्मू कश्मीर के प्रभारी तरुण चुग, जम्मू कश्मीर के सह प्रभारी आशीष सूद और जम्मू कश्मीर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष रविंदर रैना सहित राज्य के कई अन्य नेता मौजूद रहें। भाजपा द्वारा 15 जुलाई से सदस्यता अभियान शुरू करने की भी उम्मीद है। रैना ने कहा, हम पार्टी अध्यक्ष नड्डा और गृह मंत्री शाह से मिलने के लिए नई दिल्ली जा रहे हैं।


फाइल फोटो

## नड्डा कल जा सकते हैं जम्मू के दौरे पर



अमित शाह और नड्डा से मिलने से पहले पार्टी नेता जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के प्रभारी जी किशन रेड्डी से भी मिलेंगे। ऐसा माना जा रहा है कि जेपी नड्डा 6 जुलाई को पार्टी की कार्यकारिणी की बैठक के लिए जम्मू का दौरा कर सकते हैं। अपने दौरे के दौरान वह जम्मू-कश्मीर के पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। लोकसभा चुनाव के बाद नड्डा पहली बार जम्मू दौरे पर जा रहे हैं। उम्मीद है कि उनकी यात्रा से आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर पार्टी की सक्रियता को और गति मिलेगी। चुनाव आयोग ने पहले ही जम्मू-कश्मीर में मतदाता सूची को अपडेट करने का काम शुरू कर दिया है। विधानसभा चुनाव से पहले मतदाता सूची को अपडेट करना जरूरी होता है।

## 2014 में हुआ था पिछला विधानसभा चुनाव

भाजपा और पीडीपी की पिछली निर्वाचित सरकार 19 जून, 2018 को गिर गई थी, जब भाजपा ने बिगड़ते सुरक्षा परिदृश्य को लेकर गठबंधन से हाथ खींच लिया था। जम्मू-कश्मीर में पिछला विधानसभा चुनाव 2014 में हुआ था, जिसमें महबूबा मुफ्ती के नेतृत्व में भाजपा और पीडीपी की गठबंधन सरकार बनी थी।, लेकिन 19 जून, 2018 को भाजपा ने गठबंधन से नाता तोड़ लिया। अगले साल 5 अगस्त 2019 को, केंद्र की भाजपा सरकार ने अनुच्छेद 370 और 35-ए को हटा दिया था, जो जम्मू-कश्मीर को अलग संविधान और विशेष दर्जा प्रदान करता था। उस दिन जम्मू-कश्मीर को दो केंद्र शासित प्रदेशों- जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में विभाजित कर दिया गया था।

## आंध्र के सीएम नायडू ने की पीएम मोदी से मुलाकात



**नई दिल्ली।** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की और राज्य के विकास के लिए महत्वपूर्ण प्रस्तावों के लिए केंद्र सरकार से सहयोग मांगा। सूत्रों ने बताया कि नायडू ने आंध्र प्रदेश को विशेष श्रेणी का दर्जा नहीं दिए जाने की स्थिति में राज्य के लिए अधिक सहायता मांगी है।, नायडू की तेलुगु देशम पार्टी भाजपा नीत एनडीए सरकार में महत्वपूर्ण साझेदार है। राष्ट्रीय राजधानी के दो दिवसीय दौरे पर आए टीडीपी प्रमुख ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और पीयूष गोयल के साथ राज्य-विशिष्ट मुद्दों पर भी चर्चा की। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री की दिल्ली यात्रा को 2014 में राज्य के विभाजन के बाद राज्य के विकास के लिए केंद्रीय सहायता प्राप्त करने की दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

## अंतरिक्ष जाने से पहले PM मणिपुर जाएं: रमेश

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने पीएम मोदी पर तंज कसा है। उन्होंने एक मीडिया रिपोर्ट का हवाला दिया देते हुए कहा कि अंतरिक्ष में जाने से पहले प्रधानमंत्री को मणिपुर जाना चाहिए। जयराम रमेश ने पीएम मोदी को गैर-जैविक भी बताया। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में यह बातें लिखीं। ज्ञात रहे कि इसरो चीफ एस सोमनाथ हाल ही एक साक्षात्कार में एक सवाल के जवाब में कहा था कि प्रधानमंत्री मोदी अगर भारत के पहले मानव मिशन गगनयान के तहत अंतरिक्ष जाना चाहते हैं तो उन्हें बेहद खुशी होगी। लेकिन उनके पास (पीएम मोदी) कई अन्य अहम जिम्मेदारियां हैं। जिन्हें पूरा करना उनकी पहली प्राथमिकता है। जयराम रमेश ने इसको लेकर पीएम पर निशाना साधा है।

विधानसभा चुनाव से पहले झारखंड में नई सरकार

# तीसरी बार मुख्यमंत्री बने हेमंत सोरेन, मंत्रियों को शपथ बाद में

एजेंसी | रांची

इस साल होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले राजनीतिक उतार-चढ़ाव के बीच हेमंत सोरेन ने गुरुवार शाम झारखंड के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण की। कुल 154 दिनों के बाद उन्होंने एक बार फिर यह दायित्व संभाला है। कैबिनेट के बाकी मंत्रियों को 7 जुलाई या किसी और दिन शपथ दिलाई जाने की संभावना है। समारोह में चंपई सोरेन, झारखंड कांग्रेस के प्रभारी गुलाम अहमद मीर सहित इंडिया गठबंधन की प्रदेश इकाई के शीर्ष नेता मौजूद रहे। शपथ लेने के करीब दो घंटे पहले सोरेन ने सोशल मीडिया एक्स पर 31 जनवरी की वह फाइल फोटो शेयर की, जिसमें वह राज्यपाल को इस्तीफा सौंप रहे थे। इस तस्वीर के साथ सोरेन ने लिखा- हर अन्याय को पता है कि एक दिन उसे न्याय परास्त करेगा। जय झारखंड। हेमंत सोरेन के सीएम पद की शपथ लेने के बाद उनकी पत्नी कल्पना सोरेन ने कहा कि यह जनता और हमारे पार्टी कार्यकर्ताओं का आशीर्वाद है। हाईकोर्ट के फैसले के बाद हेमंत सोरेन एक बार फिर झारखंड के सीएम हैं। अब वे झारखंड की जनता के लिए और भी ज्यादा काम करेंगे क्योंकि इस बार हमारे पास समय कम है। ज्ञात रहे कि चंपई सोरेन ने बुधवार शाम राजभवन पहुंचकर राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा सौंप दिया था। इसके बाद सत्तारूढ़ गठबंधन के नए नेता हेमंत सोरेन ने नई सरकार के गठन के लिए दावा पेश करते हुए 44 विधायकों के समर्थन का पत्र राज्यपाल को दिया था।



### बहुमत साबित करने में नहीं होगी मुश्किल, यह है सदस्यों का गणित

81 सदस्यीय झारखंड विधानसभा में अभी 76 सदस्य हैं और बहुतम साबित करने किए 39 मतों की आवश्यकता होगी। दलगत स्थिति में झामुमो-कांग्रेस-राजद के पास बहुमत से बहुत ज्यादा वोट हैं। झारखंड के चार विधायकों के सांसद बनने, विधायक सीता सोरेन के इस्तीफे और कल्पना सोरेन के विधायक बनने के बाद झारखंड विधानसभा का समीकरण बदल चुका है। झारखंड विधानसभा की 81 में से अब पांच क्षेत्र जामा, शिकारीपाड़ा, बाघमारा, हजारीबाग, मनोहरपुर सीट खाली हो गई है। अब झामुमो के 27, भाजपा के 24, कांग्रेस के 17, आजसू के तीन सदस्य हैं। इसके अलावा राजद व भाकपा माले का एक- एक, एनसीपी का एक और दो निर्दलीय सदस्य हैं।

### मुझे लंबे समय तक जेल में रखने का प्रयास किया:सोरेन

शपथग्रहण से ठीक पहले हेमंत सोरेन ने अपना एक वीडियो संदेश जारी कर बिना नाम लिए भाजपा और केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। उन्होने अपने संदेश में कहा है कि 5 महीने पहले सत्ता के मद में चूर अंहकारियों ने उन्हें चुप कराने की कोशिश की थी। पांच महीनों तक मुझे अलग-अलग तरीकों से लंबे समय तक जेल में रखने का प्रयास किया। जिसके बाद उन्होंने कानून लड़ाई का रास्ता अख्तियार किया। आखिरकार न्याय की जीत हुई। अब मैं वापस आ रहा हूं और अब झारखंड रुकेगा नहीं और झुकेगा नहीं।

### झूठे केस में फंसाकर सीएम पद से हटने को मजबूर किया

हेमंत सोरेन ने कहा कि 2019 में जनता ने उन्हें मौका दिया था, लेकिन षड्यंत्रकारियों को यह पचा नहीं कि आदिवासी नौजवान कैसे इतने उंचे पदों पर जा सकता हैं। 31 जनवरी को झूठे केस बना कर उन्हें मुख्यमंत्री पद से हटने के लिए मजबूर कर दिया। भगवान के घर अंधेर नहीं होती है। लोकसभा चुनाव में आपने जिस झारखंड एकता का परिचय दिया है उसका ऋणी रहूंगा। ज्ञात रहे कि हेमंत सोरेन को इसी साल 31 जनवरी को ईडी ने जमीन घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में गिरफ्तार किया था और उन्होंने उसी रोज रात 8.30 बजे सीएम पद से इस्तीफा दिया था। उनकी जगह उनके मंत्रिमंडल में शामिल रहे चंपई सोरेन ने 2 फरवरी को सीएम की कुर्सी संभाली थी। 28 जून को हाईकोर्ट से जमानत मिलने के बाद हेमंत सोरेन जेल से बाहर आए और उसके सातवें दिन ही उन्होंने एक बार फिर सीएम की कुर्सी संभाल ली है। सीएम के रूप में यह उनका तीसरा कार्यकाल है।

बॉम्बे HC से कांग्रेस नेता केदार को झटका

## कोर्ट का सजा पर रोक से इनकार, चुनाव लड़ने की आशा पर फिरा पानी

एजेंसी | नागपुर



महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री और वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुनील केदार को राज्य विधानसभा चुनाव से पहले बॉम्बे हाई कोर्ट ने तगड़ा झटका दिया है। कोर्ट ने नागपुर जिला केंद्रीय सहकारी (एनडीसीसी) बैंक के बहुचर्चित घोटाले मामले में मिली सजा पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है। हाई कोर्ट के इस फैसले के बाद सुनील केदार की मुश्किलें बढ़ने की संभावना है। एनडीसीसी बैंक घोटाले मामले में स्पेशल कोर्ट ने केदार समेत 6 लोगों दोषी पाया था। अदालत ने 22 दिसंबर 2023 को 5 साल की जेल और साढ़े 12 लाख रुपए की जुर्माने की सजा सुनाई थी। सुनील केदार ने इस सजा पर रोक लगाने के लिए मुंबई हाई कोर्ट के नागपुर बेंच में याचिका दाखिल की थी। इस याचिका पर गुरुवार को हाई कोर्ट की नागपुर पीठ 2 घंटे तक लगातार सुनवाई चली। न्यायाधीश उर्मिला जोशी-फाल्के की बेंच ने गुरुवार को इस पर फैसला सुनाते हुए सजा पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। सुनील केदार को इससे पहले नागपुर जिला केंद्रीय सहकारी बैंक में करोड़ों रुपए के घोटाले के लिए दोषी ठहराया गया था। उस वक्त वह बैंक के अध्यक्ष थे। दोषी ठहराए जाने के बाद केदार को जनप्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत विधायक के रूप में अयोग्य घोषित कर दिया गया था। जिला सत्र अदालत के फैसल खिलाफ उन्होंने बॉम्बे हाई कोर्ट में याचिका दायर करते हुए सजा पर रोक लगाने की मांग की थी। बताते चलें कि महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव इस साल अक्टूबर-नवंबर में हो सकते हैं। ऐसे में बॉम्बे हाई कोर्ट का गुरुवार को सुनील केदार को सजा पर राहत न देने का फैसला उनके चुनाव लड़ने की इच्छा पर पानी फेर सकता है।

### अब सुप्रीम कोर्ट में का ही विकल्प

नियमों के मुताबिक, अगर सुनील केदार पर सजा बरकरार रहती है तो वह अगले छह साल तक कोई चुनाव नहीं लड़ सकेंगे। यदि उनकी दोषसिद्धि पर रोक लगा दी जाती, तो वह विधायक के रूप में बहाल हो जाते और विधान सभा चुनाव लड़ने के लिए पात्र हो जाते। लेकिन, अब हाई कोर्ट से झटका लगने के बाद उनके पास सुप्रीम कोर्ट जाने का ही विकल्प शेष है।

DMK सांसद विल्सन की कानून मंत्री मेघवाल से मुलाकात

## SC की क्षेत्रीय पीठों की स्थापना हो

- चेन्नई सहित कई बड़े शहरों के नामों का दिया सुझाव

एजेंसी | नई दिल्ली

वरिष्ठ वकील और डीएमके के राज्यसभा सांसद पी विल्सन ने गुरुवार को केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल से मुलाकात की। उन्होंने कानून मंत्री से क्षेत्रीय सुप्रीम कोर्ट बेंच की स्थापना, जजों की रिटायरमेंट की आयु बढ़ाने जैसी कई कई मांगों पर चर्चा की। विल्सन ने सोशल मीडिया एक्स पर मेघवाल के साथ अपनी मुलाकात की तस्वीरें और पत्र शेयर किया है। उन्होंने लिखा, दिल्ली में संविधान पीठ के अलावा चेन्नई, दिल्ली, कोलकाता, मुंबई और दक्षिण, उत्तर, पश्चिम और पूर्वी क्षेत्रों में सुप्रीम कोर्ट की स्थाई क्षेत्रीय पीठों की स्थापना की मांग को लेकर कानून मंत्री से मुलाकात हुई। विल्सन ने पोस्ट में कहा है कि कानून मंत्री मेघवाल ने उनके ज्ञापन पर उन्हें मामले पर गौर करने का आश्वासन दिया है।



### जजों की नियुक्ति में सामाजिक न्याय सुनिश्चित हो

विल्सन ने कानून मंत्री के लिखे पत्र में सुप्रीम कोर्ट और उच्च न्यायालयों में जजों की नियुक्ति में सामाजिक न्याय और सामाजिक विविधता सुनिश्चित करने के लिए एक प्रतिनिधि न्यायपालिका की मांग की। वहीं, विल्सन ने संवैधानिक संशोधन के जरिए उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की रिटायरमेंट आयु 62 साल से बढ़ाकर 65 साल और सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों की सेवानिवृत्ति आयु 65 साल से बढ़ाकर 70 साल करने का भी अनुरोध किया।

कर्नाटक: येदियुरप्पा का मुख्यमंत्री सिद्धारमैया पर प्रहार, कहा...

## लोगों ने कांग्रेस की गारंटी, धन-बाहुबल को नकारा

एजेंसी | बेंगलुरु

भाजपा के वरिष्ठ नेता बीएस येदियुरप्पा ने गुरुवार को मुख्यमंत्री सिद्धारमैया को कर्नाटक विधानसभा भंग कर चुनाव कराने की चुनौती दी। उन्होंने दावा किया कि अगर अभी चुनाव हुए तो भाजपा 140 से 150 सीट पर जीत हासिल करेगी।

येदियुरप्पा ने यहां यहां पैलेस ग्राउंड्स में आयोजित में भाजपा की राज्य कार्यकारिणी की बैठक के दौरान यह बात कही। उन्होंने कहा कि हाल के लोकसभा चुनावों में राज्य के लोगों ने कांग्रेस सरकार की 'बेकार' गारंटी, धन और बाहुबल को खारिज कर दिया है और भाजपा को चुना है। येदियुरप्पा ने कहा कि कांग्रेस एक साल पहले ही 134 सीटें जीतकर सत्ता में आई थी। लेकिन अब वह उन जगहों पर पीछे चल रही है, जहां से मुख्यमंत्री सिद्धारमैया, उपमुख्यमंत्री डीके शिवुमार और कई मंत्री प्रतिनिधित्व करते हैं। ज्ञात रहे कि कर्नाटक में विधानसभा की 224 और लोकसभा की 28 सीटें हैं। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में भाजपा-जद(एस) गठबंधन ने 19 सीट पर जीत दर्ज की है और 142 विधानसभा क्षेत्रों में भाजपा को बहुमत मिला है।

उन्होंने आगे कहा, यह दिखाता है कि भ्रष्टाचार में लिप्त होकर और जनहित की अनदेखी करके कांग्रेस ने एक साल के भीतर राज्य में अपनी लोकप्रियता कैसे खो दी है। उसे अब सत्ता में बने रहने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है। लोगों ने कांग्रेस के धन और बाहुबल को नजरअंदाज कर दिया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर अपना भरोसा दिखाया।



### दिवालिया होने की ओर बढ़ रहा है राज्य

येदियुरप्पा ने दावा किया कि राज्य दिवालिया होने की ओर बढ़ रहा है। बेकार गारंटियों के कारण कांग्रेस ने सभी वस्तुओं के दाम बढ़ा दिए हैं। महंगाई की नींव रख दी है। कोई विकास कार्य नहीं हो रहा है और सिंचाई परियोजनाएं रुक गई हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने पेट्रोल और डीजल कीमतें और बिजली की दरें बढ़ा दीं हैं।

बिहार: जदयू का नारा... राजग अबकी बार 206 पार

# झारखंड में लड़ेंगे चुनाव, विशेष दर्जे को लेकर केंद्र से टकराव नहीं: झा

एजेंसी | पटना

जनता दल (यू) का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनने के बाद गुरुवार को पहली बार पटना पहुंचे संजय झा ने कहा कि 2025 के बिहार विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में राजग को 2010 से भी बेहतर परिणाम मिलेगा। 2010 में 243 में 206 सीट पर राजग को जीत मिली थी। अगली बार उससे भी अधिक सीटें आएंगी। उन्होंने इन अटकलों को खारिज कर दिया कि बिहार को विशेष दर्जा देने के लिए उनकी पार्टी द्वारा बनाए जा रहे दबाव से केंद्र की राजग सरकार के साथ टकराव पैदा हो सकता है। उन्होंने कहा कि कई लोग यह उम्मीद लगाए बैठे हैं कि पिछले सप्ताह पार्टी द्वारा विशेष दर्जे को लेकर पारित किए गए प्रस्ताव से केंद्र के साथ टकराव होने जा रहा है। लेकिन ऐसे लोगों के निराशा ही हाथ लगेगी।

झा का पटना पहुंचने पार्टी कार्यालय में भव्य स्वागत किया गया। इस मौके पर मीडिया से बातचीत के दौरान झा ने कहा कि जब आप लोगों को लगने लगे की मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की राजनीति का अंत हो रहा है तो समझिए वह एक नए अवतार में उससे भी बड़े स्वरूप में सामने आने वाले हैं। 2024 का लोकसभा चुनाव में यही हुआ। खासकर दिल्ली की मीडिया ने ऐसी बातें कहने लगी थी। उस वक्त भी मैंने कहा था कि टाइगर अभी जिंदा है।



झा ने कहा कि लोकसभा चुनाव में किसी ने 250 रैलियां की, किसी ने 400 से ज्यादा कार्यक्रम किए। लेकिन नीतीश कुमार ने पूरे बिहार में कैंपेन किया। उसका क्या रिजल्ट आया आप सब जानते हैं। बिहार की 243 विधानसभाओं में 177 पर राजग ने बढ़त हासिल की है। विपक्ष को जनता ने लोकसभा चुनाव में ही जवाब दे दिया है। हमारी पार्टी के कार्यकर्ता मजबूती से लड़े उसी का ये नतीजा रहा। ये 2025 के लिए बड़ा संकेत है। 2025 को विधानसभा चुनाव में नीतीश कुमार के नेतृत्व में 2010 से बेहतर नतीजे आएंगे। उन्होंने कहा कि जदयू झारखंड विधानसभा चुनाव का चुनाव लड़ेगा। इसके साथ ही उत्तर प्रदेश और दिल्ली में पार्टी का विस्तार करने पर जोर रहेगा।

### 5 साल में विकसित राज्यों में शुमार होगा बिहार

बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने के सवाल पर संजय झा ने कहा कि अगले 5 सालों को बिहार को इतनी मदद मिलेगी कि बिहार विकसित राज्यों में शुमार हो जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्री मोदी का ध्यान बिहार पर है।

### नीतीश कुमार को जमकर सराहा

संजय झा ने जेडीयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष की जिम्मेदारी मिलने पर आभार जताते हुए कहा कि हम लोगों के नेता नीतीश कुमार ने मुझे एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी है, जो संगठन की। हम लोगों को याद है कि कैसे नीतीश कुमार ने 2005 में विपरीत हालात में बिहार के लिए काम करना शुरू किया। 2024 में भी हम लोग हैं। उन्होंने 18-19 साल के अपने कार्यकाल में देश और दुनिया में बिहार को पहचान दिलाई है।

### अभय कुशवाह ने नीतीश पर साधा निशाना



**पटना।** लोकसभा में राजद संसदीय दल के नेता अभय कुशवाहा ने कोइरी या कुशवाहा समाज का नाम लिए बिना कहा कि नीतीश ने 2005 से समाज को इस्तेमाल किया है, लेकिन अब समाज पूरी तरह से सजग हो चुका है और समझ चुका है। अभय ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर हमला बोलते हुए कहा कि अब वो किसी तरह का प्रलोभन दें लेकिन कोई फायदा नहीं होने वाला है। उन्होंने कहा कि तेजस्वी यादव के नेतृत्व में पूरा समाज एकजुट होकर आने वाले समय में एक नए बिहार का निर्माण करेगा। ज्ञात रहे कि अभय कुशवाहा 2000 में राजनीति में आए थे और तब से इस साल मार्च तक जेडीयू में थे। लोकसभा चुनाव से पहले अभय कुशवाहा राजद में शामिल होकर औरंगाबाद सीट से चुनाव जीत गए।

### कुशवाहा वोटों पर है नजर

नीतीश कुमार पर अभय कुशवाहा के हमले से यह संकेत मिल रहा है कि बिहार में कुशवाहा वोट को अपने पाले में लाने के लिए राजद की तरफ से अभय कुशवाहा ही अग्रिम मोर्चे पर नजर आएंगे। अभय कुशवाहा को नीतीश के साथ-साथ उपेंद्र कुशवाहा और सम्राट चौधरी के सामने अपना कद बड़ा करने का लालू यादव ने मौका दिया है।

## जरूरी खबर

### भारत-ऑस्ट्रेलिया हिंद महासागर में बढ़ाएंगे सहयोग

**नई दिल्ली।** भारत और ऑस्ट्रेलिया रक्षा सहयोग और हिंद-प्रशांत महासागर में दोनों देशों के बीच सहयोग को बढ़ावा देंगे। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और ऑस्ट्रेलिया के उपप्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री रिचर्ड मार्लेस के बीच गुरुवार को इन अहम मुद्दों पर चर्चा हुई। राजनाथ सिंह ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट में कहा कि हमने रक्षा सहयोग से संबंधित कई मुद्दों की समीक्षा की। रक्षा मंत्रालय के अनुसार ऑस्ट्रेलिया अपने राष्ट्रीय रक्षा रणनीति दस्तावेज में भारत को शीर्ष स्तरीय सुरक्षा भागीदार मानता है। दोनों देशों के रक्षा मंत्रियों ने व्यापक रणनीतिक साझेदारी के तहत रक्षा सहयोग में परिवर्तनकारी प्रगति को दर्ज किया।

### आईएमए प्रमुख अशोकन ने SC से मांगी माफी



**नई दिल्ली।** भारतीय चिकित्सा समिति (आईएमए) के प्रमुख डॉ. आर वी अशोकन ने सार्वजनिक रूप से माफी मांगी है। दरअसल, अशोकन ने एक मामले की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट द्वारा की गई एक टिप्पणी पर एक बयान दिया था। इस मामले में आईएमए भी एक पक्ष था। अब अशोकन ने अपनी टिप्पणी के लिए माफी मांगी है। अशोकन ने पंतजलि आयुर्वेद वाले मामले में एक साक्षात्कार के दौरान सर्वोच्च अदालत को लेकर गंभीर टिप्पणी की थी। आईएमए द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है, आईएमए के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ आर वी अशोकन ने अपना माफीनामा जारी किया है।

### शहीद अग्निवीर के पिता ने माना: 98 लाख रुपए मिले

**लुधियाना।** शहीद अग्निवीर अजय कुमार के परिवार को मुआवजे को लेकर उनके पिता चरणजीत सिंह ने गुरुवार को यू-टर्न ले लिया। दो दिन पहले तक केवल 48 लाख रुपए मिलने की बात कह रहे चरणजीत अब सेना की ओर से 98 लाख रुपए मिलने की बात कह रहे हैं। उन्होंने कहा कि बैंक खाता चेक नहीं करने के कारण उन्हें गलतफहमी हो गई थी। विदित हो कि 17 सिख लाइट इंफैंट्री के जवान 23 वर्षीय अजय सिंह जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले के पोखरा में नियंत्रण रेखा के पास तैनात थे। 18 जनवरी, 2024 को फारवर्ड पोस्ट के पास बारूदी सुरंग विस्फोट में शहीद हो गए थे। लुधियाना जिले के गांव रामगढ़ सरदारां निवासी चरणजीत सिंह ने कहा कि जनवरी में बेटे अजय के बलिदान होने के बाद ही 48 लाख रुपए आ गए थे।

## चैम्पियंस मिले पीएम मोदी से...खिलाड़ियों को शाबाशी... पंत व कुलदीप को लगाया गले, बुमराह के बेटे को दुलारा



**नई दिल्ली।** आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप 2024 का खिताब अपने नाम कर स्वदेश लौटी टीम इंडिया ने गुरुवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री आवास पर पीएम नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। टीम इंडिया के खिलाड़ी, हेड कोच राहुल द्रविड़ समेत कुछ क्रिकेटरों की पत्नी और बच्चे भी पीएम आवास पर पहुंचे थे। पीएम मोदी ने सभी खिलाड़ियों से मुलाकात की। उन्होंने टी20 वर्ल्ड कप ट्रॉफी के साथ और सभी क्रिकेटरों के साथ अलग से भी फोटो खिंचवाई। टीम इंडिया के तेज गेंदबाज और आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप 2024 में प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुने गए जसप्रीत बुमराह के साथ उनकी पत्नी संजना गणेशन और बेटा अंगद भी पीएम मोदी से मिले। अंगद बुमराह को पीएम मोदी ने गोदी में उठाया, वहीं जब वो ऋषभ पंत और कुलदीप यादव से मिले, तो दोनों को गले लगा लिया।

पीएम मोदी का SCO Summit को संदेश, पाकिस्तान को फटकार

# आतंकियों को पनाह देने वालों को अलग-थलग करना होगा

एजेंसी | अस्ताना

आतंकवाद को सुरक्षित पनाह देने वाले देशों को अब अलग-थलग करना होगा। किसी भी रूप की अभिव्यक्ति में आतंकवाद को उचित नहीं ठहराया जा सकता है और अंतरराष्ट्रीय समुदाय को अब इसे बेनकाब करना ही होगा। ये बात प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एससीओ समिट के अपने संदेश में कही। दरअसल, विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कजाकिस्तान की अध्यक्षता में अस्ताना में आयोजित शंघाई सहयोग संगठन में पीएम मोदी की ओर से ये संदेश पढ़ा। एससीओ को एक सिद्धांत-आधारित संगठन बताते हुए, पीएम मोदी ने कहा कि इस समय यह जरूरत है कि हम अपनी विदेश नीतियों के आधार के रूप में संप्रभुता, स्वतंत्रता, क्षेत्रीय अखंडता में हस्तक्षेप न करें। पाकिस्तान को इशारों-इशारों में कड़ा संदेश देते हुए पीएम मोदी ने कहा कि हमें दूसरे देश की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के सिद्धांतों के विपरीत कोई भी कदम न उठाने पर भी सहमति व्यक्त करनी होगी। इसी के साथ पीएम ने आतंकवाद से निपटने को प्राथमिकता देने का आह्वान किया।

### आतंकवाद दुनिया के लिए खतरा

पीएम मोदी ने जोर देकर कहा कि अगर आतंकवाद को अनियंत्रित छोड़ दिया जाए तो यह क्षेत्रीय और वैश्विक शांति के लिए एक बड़ा खतरा बन सकता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि सीमा पार आतंकवाद का निर्णायक जवाब देने की आवश्यकता है और आतंकवाद के वित्तपोषण और भर्ती का दृढ़ता से मुकाबला किया जाना चाहिए। आतंकवाद से निपटने के लिए वैश्विक समुदाय से कार्रवाई का आह्वान करते हुए, पीएम मोदी ने कहा, ऐसा करते समय, स्वाभाविक रूप से आतंकवाद से निपटने को प्राथमिकता दी जानी चाहिए, जो एससीओ के मूल लक्ष्यों में से एक है। हममें से कई लोगों के पास ऐसे अनुभव हैं, जो अक्सर हमारी सीमाओं से परे उत्पन्न होते हैं। हमें यह स्पष्ट कर देना चाहिए कि अगर इसे अनियंत्रित छोड़ दिया जाए, तो यह क्षेत्रीय और वैश्विक शांति के लिए एक बड़ा खतरा बन सकता है। किसी भी रूप या अभिव्यक्ति में आतंकवाद को क्षमा नहीं किया जा सकता है।



जयशंकर की चीनी विदेश मंत्री को दो टूक

## बॉर्डर पर शांति जरूरी LAC का करें सम्मान

दूसरी ओर विदेश मंत्री एस जयशंकर और चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने गुरुवार को शंघाई सहयोग संगठन के शिखर सम्मेलन से इतर बातचीत की और विचारों का आदान प्रदान किया। बातचीत मुख्यरूप से सीमा विवाद और आपसी संबंधों पर केंद्रित रही। इस दौरान दोनों देश पूर्वी लद्दाख में शेष मुद्दों को जल्द से जल्द हल करने के प्रयास बढ़ाए जाने पर सहमत हुए। विदेश मंत्री जयशंकर ने अपने चीनी समकक्ष वांग यी से कहा कि वास्तविक रेखा नियंत्रण (एलएसी) का सम्मान करने के साथ ही सीमा पर शांति सुनिश्चित करना आवश्यक है। जयशंकर ने भारत के इस रुख को फिर दोहराया कि दोनों पक्षों के बीच संबंध पारस्परिक सम्मान, पारस्परिक हित और पारस्परिक संवेदनशीलता पर आधारित होने चाहिए।

विदेश मंत्रालय की ओर से जारी एक बयान के अनुसार, जयशंकर और वांग ने पूर्वी लद्दाख में एलएसी पर शेष मुद्दों के शीघ्र समाधान तलाशने के लिए गहन विचार विमर्श किया ताकि द्विपक्षीय संबंधों में स्थिरता आ सके और संबंधों को नए सिरे से गति मिल सके।




### सीमा प्रबंधन पर समझौतों के पालन पर जोर

जयशंकर ने सीमा प्रबंधन के लिए अतीत में दोनों पक्षों के बीच हुए द्विपक्षीय समझौतों और नियमों का पूरी तरह पालन किए जाने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा, गुरुवार सुबह सीपीसी पोलित ब्यूरो के सदस्य एवं विदेश मंत्री वांग यी से अस्ताना में मुलाकात की। सीमा क्षेत्रों में शेष मुद्दों के शीघ्र समाधान पर चर्चा की। कूटनीतिक और सैन्य माध्यमों से प्रयासों को दोगुना करने पर सहमति बनी।

### सीमा क्षेत्रों में शांति सुनिश्चित करना जरूरी

जयशंकर ने कहा, एलएसी का सम्मान और सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति सुनिश्चित करना अहम है। आपसी सम्मान, आपसी संवेदनशीलता और आपसी हित हमारे द्विपक्षीय संबंधों का मार्गदर्शन करेंगे। भारत का मानना है कि सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति और स्थिरता दोनों देशों के बीच सामान्य संबंधों के लिए अहम है। विदेश मंत्रालय ने कहा,दोनों मंत्रियों ने दोनों पक्षों के राजनयिक और सैन्य अधिकारियों के बीच बैठकें जारी रखने तथा इन्हें बढ़ाने पर सहमति व्यक्त की, ताकि शेष मुद्दों को जल्द से जल्द हल करने के लिए चर्चा को आगे बढ़ाया जा सके। उन्होंने इस बात पर सहमति व्यक्त की कि भारत-चीन सीमा मामलों पर परामर्श एवं समन्वय पर कार्य तंत्र (डब्ल्यूएमसीसी) की शीघ्र बैठक होनी चाहिए। मंत्रालय ने कहा कि दोनों मंत्री इस बात पर सहमत हुए कि सीमा क्षेत्रों में वर्तमान में जो हालात हैं, उन्हें लंबा खींचना किसी के भी हित में नहीं है।

NEET-UG पास अभ्यर्थियों की गुहार

## केंद्र और NTA को परीक्षा रद्द करने से रोके सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी | नई दिल्ली




गुजरात के नीट-यूजी पास कर चुके 56 छात्रों ने गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। छात्रों ने शीर्ष कोर्ट से केंद्र सरकार और राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) को परीक्षा रद्द करने से रोकने का निर्देश देने की मांग की है। याचिका दायर करने वालों में कई छात्र फर्स्ट पोजिशन पर रहे हैं। छात्रों ने सुप्रीम कोर्ट से केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय को नीट-यूजी परीक्षा पेपर लीक में शामिल छात्रों और अन्य लोगों की जांच करने के साथ उनकी पहचान करने की मांग की है। इसके अलावा दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का निर्देश देने की भी मांग की गई है। सिद्धार्थ कोमल सिंगला और 55 अन्य छात्रों ने नई याचिका वकील देवेंद्र सिंह के जरिए दायर की है। बता दें कि यह याचिका ऐसे समय में दायर की गई है, जब कुछ दिन बाद मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ 26 याचिकाओं पर सुनवाई करने वाली है। नीट-यूजी परीक्षा एनटीए द्वारा देश भर के सरकारी और निजी मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस और बीडीएस में प्रवेश के लिए आयोजित की जाती है। नीट-यूजी (2024) को 5 मई को 4,750 केंद्रों पर आयोजित किया गया था और लगभग 24 लाख उम्मीदवार परीक्षा में शामिल हुए थे।

पीएम की रूस यात्रा 8-9 जुलाई को

## पुतिन से मुलाकात में होगी रिश्तों की समीक्षा


एजेंसी | नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 8 और 9 जुलाई को रूस की दो दिवसीय यात्रा पर जाएंगे, जहां वह 22वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। इस बैठक में दोनों देशों के बीच बहुआयामी संबंधों की संपूर्ण समीक्षा की जाएगी। करीब पांच साल में मोदी की यह पहली रूस यात्रा होगी। रूस की उनकी पिछली यात्रा 2019 में हुई थी जब उन्होंने व्लादिवोस्तोक में एक आर्थिक सम्मेलन में शिरकत की थी। विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को बताया कि रूस की अपनी यात्रा समाप्त करने के बाद पीएम मोदी ऑस्ट्रिया जाएंगे। यह 41 वर्षों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की ऑस्ट्रिया की पहली यात्रा होगी। इससे पहले क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने मास्को में कहा था कि राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बीच संबंधों की अत्यंत भरोसेमंद प्रकृति को देखते हुए, दोनों नेताओं के बीच यहां होने वाली मुलाकात में कोई भी विषय उनके लिए अछूता नहीं होगा। समाचार एजेंसी टीएएसएस ने बताया कि पुतिन और मोदी अपनी बैठक के दौरान क्षेत्रीय और वैश्विक सुरक्षा, व्यापार तथा एजेंडे के अन्य सभी विषयों पर चर्चा करेंगे।

हाथरस दुखान्तिका में बड़ी कार्रवाई

# 6 अरेस्ट... मुख्य आयोजक पर 1 लाख का इनाम

एजेंसी | हाथरस





हाथरस के सिकंदराराऊ के फुलरई मुगलगढ़ी में गत दो जुलाई को भोले बाबा के सत्संग के बाद हुए हादसे के मामले में गुरुवार को पुलिस ने दो महिलाओं समेत छह सेवादारों को भी गिरफ्तार किया गया है। इसके साथ ही कार्यक्रम के मुख्य आयोजक पर एक लाख रुपए के इनाम की घोषणा की है। अलीगढ़ मंडल के आईजी शलभ माथुर ने पत्रकार वार्ता में बताया कि सूरजपाल उर्फ नारायण हरि भोले बाबा सत्संग कार्यक्रम में मची भगदड़ से 123 श्रदालुओं की मौत हो गई। पुलिस ने इस मामले में पूछताछ के बाद राम लडैते यादव (मैनपुरी), मंजू यादव (हाथरस), उपेंद्र सिंह यादव (फिरोजाबाद), मंजू देवी यादव (हाथरस), मेघ सिंह (हाथरस) और मुकेश कुमार (हाथरस) को गिरफ्तार किया है। ये सभी लोग सेवादार है। मुख्य आयोजक देव प्रकाश मधुकर की गिरफ्तारी पर एक लाख रुपए का इनाम घोषित किया गया है। माथुर ने बताया कि आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि श्रद्धालुओं को भोले बाबा के चरण रज लेने के लिए उन लोगों ने अनियंत्रित छोड़ दिया, जिसके चलते हालात बिगड़े। माथुर ने बताया कि पुलिस यह भी पता लगा रही है कि गिरफ्तार लोगों का कोई आपराधिक इतिहास तो नहीं है। इस मौके पर डीएम हाथरस आशीष कुमार और एसपी निपणु अग्रवाल भी मौजूद रहे।

### राहुल आज जाएंगे हाथरस व अलीगढ़



कांग्रेस नेता राहुल गांधी शुक्रवार को हाथरस और अलीगढ़ जाएंगे। वह शुक्रवार शाम 7 बजे अलीगढ़ के पिलखना में हाथरस भगदड़ के पीड़ित परिवारों से मिलेंगे। वह हाथरस में भी पीड़ितों के परिजनों से मिलेंगे। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

### बिधून आश्रम पहुंची पुलिस, सेवादार भागे

हाथरस कांड के बाद सूरज पाल उर्फ बाबा विश्वहरि के बिधनू स्थित आश्रम में गुरुवार को फिर पूछताछ को पहुंची पुलिस को देखकर सेवादार ताला डालकर भाग निकले। कुछ महिलाओं ने आश्रम के एक बड़े कमरे में अंदर से कुंडी लगा ली। इस कांड के बाद बाबा का बिधनू में 14 बीघे में बना आश्रम चर्चा में आ गया है।

बिहार में लगी पुल गिरने की झड़ी

## 15 दिन में प्रदेश के सभी पुलों का होगा सर्वेक्षण

एजेंसी | पटना/छपरा

बिहार में मानसून की बारिश शरू होते ही पुल-पुलिया के ध्वस्त होने की झड़ी लग गई है। राज्य में हड़कंप मचा हुआ है। गुरुवार को भी राज्य के छपरा में पुल गिरने की घटना हुई। 16 दिनों के भीतर राज्यभर में 10 से ज्यादा पुल बारिश और बाढ़ के पानी से ध्वस्त हो चुके हैं। इस बीच, नीतीश सरकार अगले 15 दिनों के भीतर राज्यभर के पुल और पुलियों का सर्वे कराएगी। जल संसाधन विभाग के अपर मुख्य सचिव चैतन्य प्रसाद ने गुरुवार को पटना में बताया कि सर्वेक्षण के जरिए तीन दशक से पुराने पुल और छोटे पुलियों की सुरक्षा जांच की जाएगी। जांच के बाद दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई भी की जाएगी। उन्होंने कहा कि अगले 15 दिनों के भीतर सर्वे का काम पूरा कर लिया जाएगा। पिछले दिनों जिन नहरों की उड़ाही की गई है, उनका फिर से निरीक्षण भी किया जा रहा है। दूसरी ओर छपरा से प्राप्त खबरों अनुसार गुरुवार की सुबह बनियापुर के सरेया में बना ग्रामीण पुल का पाया व पुल का बीच का हिस्सा धंस गया। यह पुल सतुआ और सरेया पंचायत को जोड़ने वाला ग्रामीण सेतु है। जिसका निर्माण वर्ष 2019 में लगभग 7.5 लाख की लागत से किया गया था।

**आरडीटीएम को लेकर जुटे स्टेक होल्डर्स, 13 से 15 सितंबर को जयपुर में होगा आयोजन**

# किसी भी काम को सफलतापूर्वक करने के लिए संगठित होना जरूरी

बेधड़क | जयपुर

पर्यटन विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने कहा कि प्रदेश सरकार ने पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कई कदम उठाए हैं जैसे पर्यटन को उद्योग का दर्जा, रूरल टुरिज्म, रिवाइज्ड हेरिटेज पॉलिसी। उन्होंने कहा कि संगठित होकर हर काम को सफल किया जा सकता है। इसके लिए फेडरेशन ऑफ हॉस्पिटैलिटी एंड टूरिज्म ऑफ राजस्थान (एफएचटीआर) व टुरिज्म सेक्टर से जुड़े सभी स्टेक होल्डर को एक मंच पर आना होगा। वे फेडरेशन ऑफ हॉस्पिटैलिटी एंड टूरिज्म ऑफ राजस्थान (एफएचटीआर) और राजस्थान पर्यटन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 13 से 15 तक जयपुर के बिड़ला ऑडिटोरियम में होने वाले चौथे राजस्थान डोमेस्टिक ट्रेवल मार्ट (आरडीटीएम) के मद्देनजर गुरुवार को रामबाग पैलेस में हुई स्टेक होल्डर मीट को संबोधित कर रही थी।

मीट में एफएचटीआर और पर्यटन विभाग के बीच औपचारिक रूप से एमओयू भी साइन किया गया। आरडीटीएम के स्टेक होल्डर्स ने प्रदेश के पर्यटन परिदृश्य को मिलने वाले विविध लाभों पर प्रकाश डाला। इस वर्ष आरडीटीएम की थीम 'वेडिंग, इंसेंटिव, कॉन्फ्रेंस और इवेंट' रखी गई है। आरडीटीएम 2024 में 200 से ज्यादा स्टॉल्स होंगी, हर स्टॉल पर 7-8 प्रॉपर्टी शोकेस होंगी, 1300 से अधिक बायर्स और 7 हजार से ज्यादा विजिटर्स के आने की संभावनाएं जताई जा रही है। इससे पहले स्टेक होल्डर मीट में पर्यटन विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़, निदेशक पर्यटन विभाग डॉ. रश्मि शर्मा, प्रेसिडेंट ऑनर एफएचटीआर भीम सिंह, एफएचटीआर के अध्यक्ष कुलदीप सिंह चंदेला, ताज ग्रुप के राजस्थान एरिया डायरेक्टर अशोक राठौड़ और एफएचटीआर के जनरल सेक्रेटरी सीए वीरेन्द्र सिंह शेखावत, अपूर्व कुमार, सुरेन्द्र सिंह शाहपुरा ने कार्यक्रम की शुरुआत की।






### तीन प्रतिनिधि हो सकेंगे शामिल

एफएचटीआर के अध्यक्ष कुलदीप सिंह चंदेला ने कहा कि इस साल राजस्थान डोमेस्टिक ट्रेवल मार्ट में भाग लेने जा रहे सभी स्टेक होल्डेर्स को फायदा मिलेगा। इस साल सभी प्रतिभागी स्टेकहोल्डर टीम से तीन प्रतिनिधी भाग ले सकेंगे, इससे बी-टू-बी और बी-टू-सी अवसर बढ़ेंगे। साथ ही इस बार डॉमेस्टिक और इनबाउंड टूरिज्म को बढ़ावा देंने की कोशिश की गई है। उन्होंने यह भी कहा कि आरडीटीएम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन 'विकसित राजस्थान और विकसित भारत' एवं 'वेड इन इंडिया' का ध्यान रखा जाएगा।

### राजस्थान सर्वश्रेष्ठ का देंगे मैसेज

गौरतबल है कि आरडीटीएम टूरिज्म सेक्टर के सभी स्टेक होल्डर्स को एक छत के नीचे हेरिटेज, एडवेंचर एक्टिविटी, वाइल्ड लाइफ, तीर्थ क्षेत्र, वेडिंग, इको एंड विलेज टूरिज्म आदि से जुड़े उत्पादों को शोकेस करने और बी2बी मीटिंग्स का अवसर देता है। चौथे संस्करण में विश्व स्तर पर यह संदेश पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा कि वेडिंग के लिए राजस्थान किस तरह सर्वश्रेष्ठ है। प्रदेश के पर्यटन को गति देने में यह कारगर साबित होगा। आरडीटीएम के चौथे संस्करण के आयोजन होटल्स एंड रेस्टोरेंट्स एसोसिएशन ऑफ राजस्थान (एचआरएआर), इंडियन हेरिटेज होटल्स एसोसिएशन (आईएचएचए) और राजस्थान एसोसिएशन ऑफ टूर ऑपरेटर्स (राटो), जोधाना होटल्स एंड रेस्टोरेंट्स एसोसिएशन (जारा), एसोसिएशन ऑफ डोमेस्टिक टूर ऑपरेटर्स ऑफ इंडिया (एडीटीओआई) भी भूमिका निभा रहा है।

## ट्री एंबुलेंस ने किया प्लांटेशन



**बेधड़क. जयपुर।** टीम 10 ट्री एंबुलेंस ने विद्याधर नगर के सेक्टर 2 के श्मशान घाट से परशुराम सर्कल की तरफ जाने वाली ग्रीन बेल्ट में पौधारोपण और श्रमदान किया। एक अन्य ग्रुप ने ग्रुप दीवारों और रेलिंग पर रंग किया और कॉलोनी के बड़े लोहे के गेट पर ऑयल पेंट किया गया। युवाओं ने सीमेंट की बेंच पर ऑयल पेंट करते हुए उसकी सारसंभाल की। इस मौके पर युवाओं को प्लांटेशन और श्रमदान का महत्व बताया गया और सभी ने उनकी देखभाल करने का संकल्प लिया।

## ग्रीनरी के लिए 200 पौधे लगाए



**बेधड़क. जयपुर।** मानसून के आने से हर कहीं हरियाली है और उसको बढ़ाने के लिए जयपुराइट्स आगे आए हैं। उन्होंने वृक्षारोपण अभियान के तहत 200 पौधे लगाए। रोटरी क्लब जयपुर और एक पहल एनजीओ की ओर से माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर स्कूल में वृक्षारोपण किया गया। इस मौके पर सामाजिक व पर्यावरण कार्यकर्ताओं ने युवा पीढ़ी को प्लांटेशन का महत्व बताया और ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने की बात कही।

## दिखेगा महिलाओं का क्रिएशन

**बेधड़क. जयपुर।** शक्ति क्लब की अध्यक्ष ममता पाटोदिया ने बताया कि शक्ति और मानसी क्लब के सहयोग से होने जा रही मंशा एग्जीबिशन का उद्घाटन जयपुर ग्रेटर की महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर शुक्रवार को जयपुर क्लब में करेंगी। फैशन डिजाइनर शिवानी राजोरिया ने बताया कि एग्जीबिशन में ज्वेलरी, हैंडमेड राखी, आर्ट एंड क्राफ्ट, बैग, पेंटिंग, ड्रेस, क्रोकरी हेल्थकेयर आइटम, ब्यूटी एंड मेकअप, हेयर एसेसरीज आदि आइटम डिस्प्ले किए जाएंगे। 5-6 जुलाई की दो दिवसीय एग्जीबिशन में शुक्रवार शाम 4 बजे ट्रैफिक एसपी लेडी सिंघम कहे जाने वाली प्रीति चंद्रा भी शिरकत करेंगी और वूमेन एंटरप्रेन्योर्स का मनोबल बढ़ाएंगी। एग्जीबिशन में विभिन्न क्लब की सदस्य शिरकत करेंगे।

# City इवेंट्स

## विवेकानंद से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ें



**बेधड़क. जयपुर।** स्वामी विवेकानन्द के निर्वाण दिवस पर युवाओं ने उनको श्रद्धांजलि दी। बीएमडी फाउंडेशन की ओर से स्वामी विवेकांनद की पुण्यतिथि पर उनके जीवन पर चर्चा की गई और विवेकांनद के जीवन से प्रेरित होने का संदेश दिया गया। इस मौके पर युवाओं ने उनके चित्र पर पुष्प चढ़ाए और उनको नमन किया। उन्होंने कहा कि विवेकानंद ऊर्जावान व जीवन आदर्श का प्रतिरूप थे। उनके विचारों को हमें जीवन में उतारते हुए आगे बढ़ाना चाहिए। इस मौके पर बड़ी संख्या में युवा उपस्थित रहे।

## अनूठे अंदाज में करेंगे सावन का वेलकम

**बेधड़क. जयपुर।** जयपुराइट्स अनूठे अंदाज में सावन और मानसून का वेलकम करेंगे। इसके लिए देवी और कटेवा नगर की ओर से सावन के हर रविवार-सोमवार को प्लांटेशन किया जाएगा और क्षेत्र के पार्कों में श्रमदान होगा। इसके लिए सुमित बड़ाया और मानवेंद्र सिंह तैयारी की है। दोनों ने बताया कि सोसायटी और कॉलोनियों में सफाई अभियान चलाया जाएगा और छायादार पौधे लगाए जाएंगे।

## विशेषज्ञ बताएंगे सोलर एनर्जी का महत्त्व



**बेधड़क. जयपुर।** अब सोलर का महत्व लोग अपने घरों के लिए भी समझ रहे हैं और इसके लिए देश-दुनिया के विशेषज्ञ गुलाबी नगरी में जुटेंगे और सोलर एनर्जी की जानकारी देंगे। इसके लिए शनिवार से तीन दिन तक भारत सोलर कंपोनेंट एक्सपो जयपुर में आयोजित किया जाएगा, जिसमें एक्सपर्ट चर्चा करेंगे। राजस्थान सोलर असोसिएशन के अधिकारी और मैंबर्स राजस्थान में सोलर को बढ़ावा देने के लिए तेजी से कदम बढ़ा रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि सबसे ज्यादा परेशानी गर्मियों में आती है, क्योंकि प्रदेश में गर्मी में बहुत बिजली की जरूरत होती है और उतनी बिजली सबको मिल नहीं पाती है। ऐसे में सोलर का महत्व सामने आता है। भारत सोलर कंपोनेंट एक्सपो के जरिए जागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया जाएगा और इस एनर्जी के स्ट्रॉन्ग कंपोनेंट्स बताए जाएंगे। 6 ,7 ,8 जुलाई तक एक्सपो में राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में एक्सपर्ट युवाओं को जानकारी देंगे।

**शिविर लगाकर इसके दुष्प्रभावों पर चर्चा**

# इलेक्ट्रॉनिक वेस्ट के रिसाइकिल पर ध्यान नहीं देना खतरनाक




बेधड़क | जयपुर

रोटरी क्लब जयपुर किंग्स सिटी की ओर से हल्दीघाटी गेट के पास मिलिट्री एरिया में ई-वेस्ट मैनेजमेंट पर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में आए जन समूह को रोटरी बस डिस्ट्रिक्ट पाब्लेर रिलेशन कमेटी चेयरमैन डॉ. पीडी पारीक ने कहा कि आज ई-वेस्ट की एक गंभीर समस्या है। ई-वेस्ट, इलेक्ट्रॉनिक खराब उपकरण मोबाइल, खराब बेटरी, कम्प्यूटर, लेपटॉप आदि किसी का भी हो सकता है।

इस वेस्ट को यहां-वहां फेंक दिया जाता है या कबाड़ी को दिया जाता है, जिससे हमारी हवा-पानी प्रदूषित हो रहा है। ऐसे में इस ओर ध्यान देते हुए इसे री-साइकल किया जाना चाहिए और जिम्मेदारी निभानी चाहिए। कार्यक्रम में कुनिका अग्रवाल ने ई-वेस्ट मैनेजमेंट के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि अगर इलेक्ट्रॉनिक वेस्ट पर तथा इसके सही रिसाईकिल पर ध्यान नहीं दिया तो इसके हमारी हेल्थ पर बूरे असर होंगे। इनसे निकलने वाले विषेले पदार्थों से गंभीर रोग हो सकते हैं। कार्यक्रम में नीरज अग्रवाल के अलावा तुषार अग्रवाल आदि उपस्थित रहे और सभी ने ई-वेस्ट नहीं फैलाने का संकल्प लिया। साथ ही आनंद अग्रवाल ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

**दूरदर्शन केंद्र जयपुर में हिंदी कार्यशाला**

# सरकारी कार्य पद्धति में राजभाषा के प्रयोग और प्रोत्साहन पर जोर




बेधड़क | जयपुर

दूरदर्शन केंद्र में 'सरकारी कार्य प्रणाली में हिंदी राजभाषा की उपादेयता एवं प्रयोग' विषय पर हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया।

मुख्य वक्ता भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण विभाग के पूर्व सहायक निदेशक (राजभाषा) डालचंद प्रजापति ने सरकारी कार्य पद्धति में राजभाषा के प्रयोग एवं प्रोत्साहन पर प्रकाश डाला। कार्यालय प्रमुख सतीश देपाल ने हिंदी के प्रचार में दूरदर्शन की भूमिका पर प्रकाश डाला।

समाचार प्रमुख मंजू मीणा ने हिंदी की वैश्विक स्तर पर लोकप्रियता एवं महत्व को बताया। कार्यशाला को कार्यक्रम प्रमुख सीमा विजय ने भी संबोधित किया और कार्यक्रम निर्माण एवं प्रसारण के माध्यम से हिंदी के व्यापक प्रचार-प्रसार की भूमिका को रेखांकित किया। कार्यशाला को निदेशक अभियांत्रिकी एचपी मीना और रणजीत मीणा ने भी संबोधित किया। कार्यशाला के आरंभ में राजभाषा अधिकारी डॉ. वासुदेव शर्मा ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। कार्यशाला में केंद्र के करीब 80 अधिकारियों और कर्मचारियों ने भाग लिया। कार्यशाला का संचालन कार्यक्रम अधिशाषी वीरेंद्र कुमार परिहार ने किया। राज सिंह प्रसारण निष्पादक ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

**राष्ट्रोत्कर्ष** | **जगद्गुरु शंकराचार्य का प्राकट्य महोत्सव मनाया, मानसरोवर में निकाली गई यात्रा**

# अपना भूला गौरव याद कर भारत को विश्व गुरु बनाएं

बेधड़क | जयपुर

गोवर्धन मठ के जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती ने कहा कि सनातन धर्मावलंबियों को अपना भूला गौरव याद कर भारत को विश्व गुरु बनाना है। वे मानसरोवर शिप्रा पथ स्थित वीटी रोड ग्राउंड पर राष्ट्रोत्कर्ष के रूप में मनाए जा रहे अपने 82वें प्राकट्य महोत्सव में आशीर्वाद दे रहे थे। कार्यक्रम में पीठ परिषद आदित्य वाहिनी प्रदेश अध्यक्ष गोपाल शर्मा, डॉ. मेघेंद्र शर्मा, डॉ. अतुल गुप्ता, मुकेश भारद्वाज व अन्य ने पादूका पूजन किया। बारिश के बावजूद देश-प्रदेश के हजारों शिष्य महोत्सव में पहुंचे।



फोटो: राजेश कुमावत



### सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ

मुख्य कार्यक्रम से पूर्व धर्म सभा स्थल पर सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। भक्तों को बागेश्वर धाम बालाजी का चित्र और हनुमान चालीसा भेंट किए गए। जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती ने आशीर्वचन में सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार के लिए उठ खड़े होने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सनातन धर्मावलंबियों को अपना भूला गौरव याद कर भारत को विश्व गुरु बनाना है।

### रथ यात्रा से हुई शुरुआत

कार्यक्रम का शुभारंभ राम गोपेश्वर महादेव मंदिर सेक्टर 73 परमहंस मार्ग मानसरोवर से धर्मसभा स्थल तक रथ यात्रा और कलश यात्रा निकालने के साथ हुआ। पुरी की तर्ज पर निकली यात्रा में सैंकड़ों महिलाएं कलश लिए शामिल हुईं। श्रद्धालु ध्वज लिए जयकारे लगाते चल रहे थे। जगह-जगह पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया गया।

### पार्थिव शिवलिंग पूजन और अभिषेक

अखिल भारतीय गोशाला सहयोग परिषद संयोजक डॉ. अतुल गुप्ता के निर्देशन में गोमाता और पर्यावरण संरक्षण की झांकी आकर्षण का केन्द्र रही। झांकी के साथ चल रहे स्वयं सेवकों ने मार्ग में पौधे वितरित किए। विभिन्न मार्गों से होते हुए यात्रा आयोजन स्थल पहुंची। वहां विद्वानों ने रुद्र पाठ के साथ पार्थिव शिवलिंग पूजन और अभिषेक किया। सस्वर मंत्रोच्चार से पांडाल गूंजायमान हो उठा।



जो कुछ तुम्हें मन से, बुद्धि से, शरीर से निर्बल करे उसे विष समझ कर त्याग दो।

विनायक शर्मा, फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप

## टॉप कमांडर की हत्या से बौखलाया हिजबुल्लाह

# इजराइल पर दागे 200 से अधिक रॉकेट



**एजेंसी** | बेरूत

फिलिस्तीन में हमास के साथ युद्ध में उलझे इजराइल पर आतंकी संगठन हिजबुल्लाह ने अपने टॉप कमांडर की हत्या के बाद अब तक के सबसे बड़े हमलों में से एक में इजराइल पर 200 से अधिक रॉकेट दागे हैं। हिजबुल्लाह ने यह हमला अपने एक टॉप कमांडर की हत्या के बाद किया है। उसका कहना है कि दक्षिणी लेबनान में उसका एक टॉप कमांडर इजराइली हमले में मारा गया है। बीते दिवस दक्षिणी लेबनान में हिजबुल्लाह के वरिष्ठ कमांडरों में से एक मोहम्मद नासिर की हत्या की खबर आई थी।

इजराइली सेना ने कहा है कि हिजबुल्लाह के दावों की समीक्षा की जा रही है। इजराइल की एंबुलेंस सेवा ने पुष्टि की है कि हमलों में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। हिजबुल्लाह द्वारा जवाबी हमलों की एक सीरीज के बाद रॉकेटों की ताजा बौछार की गई है। इन हमलों में, आतंकवादी समूह ने गोलान हाइट्स में एक इजराइली सैन्य अड्डे पर 100 कत्युशा रॉकेट दागे, जबकि ईरान निर्मित फलक मिसाइलों से इजराइल-लेबनान सीमा के पास स्थित एक शहर किरयात शमोना में एक अन्य सैन्य अड्डे को निशाना बनाया।

दक्षिणी लेबनान में टायर शहर के पास हवाई हमले में नासिर की मौत हुई थी। हिजबुल्लाह की सैन्य कार्रवाई 7 अक्टूबर को शुरू हुई, जब उसके फिलिस्तीनी सहयोगी हमास ने इजराइल पर हमला किया। बताया जा रहा है कि हिजबुल्लाह ने लेबनान से दर्जनों इजराइली समुदायों पर रॉकेट दागे हैं। फिलिस्तीनियों के लिए अपने समर्थन की घोषणा करते हुए हिजबुल्लाह ने लेबनान सीमा पर इजराइली ठिकानों पर हमले शुरू किए। उसका कहना है कि ये हमले तब तक जारी रहेंगे, जब तक इजराइल गाजा में अपने हमले को रोक नहीं देता। आतंकी संगठन ने युद्ध रुकने तब तक अपने हमले जारी रखने की कसम खाई है। इस युद्ध के कारण हजारों लोगों को अपने घरों से भागने पर मजबूर होना पड़ा है। लेबनान में इजराइली हमलों में 300 से अधिक हिजबुल्लाह के लड़ाके और 88 नागरिक मारे गए हैं। लेबनान की ओर से इजराइली गोलीबारी में 18 सैनिक और 10 नागरिक मारे गए हैं।

### खान यूनिस में इजराइली हवाई हमले में कई फिलिस्तीनी हुए घायल

**गाजा।** दक्षिणी गाजा पट्टी के खान यूनिस शहर में एक आवासीय घर को निशाना बनाकर किए गए इजराइली हवाई हमले में कई फिलिस्तीनी घायल हो गए। फिलिस्तीनी सुरक्षा सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि इजराइली युद्धक विमानों ने बुधवार को बिना किसी पूर्व चेतावनी के नासेर अस्पताल के पास एक आवासीय घर और निकट पूर्व में फिलिस्तीन शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र राहत और कार्य एजेंसी से संबंधित एक स्कूल पर हमला किया। सूत्रों ने बताया कि हमले वाले क्षेत्र को पहले इजराइली बलों द्वारा एक सुरक्षित क्षेत्र घोषित किया गया था।

## ऋषि सुनक और कीर स्टार्मर के बीच मुकाबला

# ब्रिटेन में सरकार किसकी उसका फैसला होगा आज

**एजेंसी** | लंदन

ब्रिटेन में गुरुवार को आम चुनाव के लिए वोटिंग हुई। इस बार चुनाव में मौजूदा प्रधानमंत्री ऋषि सुनक की कंजर्वेटिव पार्टी और 61 वर्षीय कीर स्टार्मर की लेबर पार्टी में सीधा मुकाबला हो रहा है। सर्वेक्षणों में दावा किया गया है कि लेबर पार्टी 14 साल के शासन के बाद कंजर्वेटिव पार्टी को सत्ता से हटा सकती है। ऋषि सुनक की जगह कीर स्टार्मर नए प्रधानमंत्री हो सकते हैं। मतदान खत्म होते ही वोटों की गिनती शुरू हो जाएगी। मतदान सुबह 7 बजे (भारतीय समयानुसार 11:30 बजे) शुरू हुआ है। लोग रात 10 बजे (भारतीय समयानुसार 2:30 बजे) तक मताधिकार का प्रयोग किया गया। ब्रिटेन में करीब 50 मिलियन (पांच करोड़) लोग मतदाता हैं। रिपोर्ट के अनुसार एग्जिट पोल ब्रिटिश राजनीतिक वैज्ञानिक जॉन कर्टिस और सांख्यिकीविद् डेविड फर्थ के बनाए मॉडल से होगा। भारतीय समयानुसार सुबह 7 बजे तक साफ हो जाएगा कि कौन सी पार्टी अगली सरकार बनाएगी। ब्रिटेन में बहुमत के लिए 650 संसदीय सीटों में से 326 सीटें जीतने की जरूरत होती है।




### लेबर पार्टी की जीत का अनुमान



ब्रिटेन में 300 से ज्यादा पंजीकृत दल हैं। चुनाव पूर्व सर्वेक्षणों में लेबर पार्टी की जीत का अनुमान लगाया गया है। अगर यह दावा सही साबित हुआ तो ऋषि सुनक का 18 महीने का कार्यकाल समाप्त हो जाएगा और ब्रिटेन में 14 साल बाद कंजर्वेटिव पार्टी सत्ता से बाहर हो जाएगी। लेबर पार्टी के सत्ता में आने पर अध्यक्ष कीर स्टार्मर का प्रधानमंत्री बनना तय है। कीर को 2020 में लेबर पार्टी की कमान सौंपी गई थी।

### PM ऋषि सुनक ने डाला वोट

ब्रिटेन में आम चुनाव के लिए गुरुवार को देशभर के करीब 40,000 मतदान केंद्रों पर वोट डाले गए। प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने भी अपना वोट डाला। अपने वोट का इस्तेमाल करने के बाद प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने अपनी एक फोटो सोशल मीडिया पर शेयर की, जिसमें उनके साथ उनकी पत्नी अक्षिता मूर्ति भी नजर आ रही हैं। उन्होंने फोटो के कैप्शन में लिखा, 'लेबर पार्टी के बहुमत को रोकने के लिए कंजर्वेटिव पार्टी को वोट दें। नहीं तो टैक्स में वृद्धि होगी।'

## बाइडेन सरकार का फैसला

# अमेरिका में मारे जाएंगे पांच लाख उल्लू

**एजेंसी** | वॉशिंगटन

केन्या ने कुछ समय पहले 10 लाख कौवों को मारने के प्लान का खुलासा किया था। अब कुछ इसी तरह का प्लान अमेरिका ने बनाया है, लेकिन वह कौवों को नहीं बल्कि उल्लुओं को खत्म करने की योजना बना रहा है। दरअसल 'स्पॉटेड उल्लू' की प्रजाति विलुप्त होने की कगार पर है। इन्हें बचाने के लिए अमेरिकी वन्यजीव अधिकारियों ने पश्चिमी तट के घने जंगलों में प्रशिक्षित निशानेबाजों को तैनात करने का फैसला किया है। इस योजना के तहत लगभग पांच लाख 'बार्ड उल्लुओं' को खत्म किया जाएगा। क्योंकि यह स्पॉटेड उल्लुओं के लिए खतरा बन गए हैं जो इनके करीबी रिश्तेदार हैं।





### फैसले पर बंटी लोगों की राय

एक पक्षी की प्रजाति को बचाने के लिए दूसरे को मारने के फैसले को लेकर वन्यजीव समर्थक और संरक्षणवादी बंट गए हैं। कुछ लोगों ने न चाहते हुए भी उल्लुओं को मारने का फैसला स्वीकार कर लिया। वहीं कुछ का कहना है कि यह आवश्यक वन संरक्षण से लापरवाहीपूर्वक ध्यान भटकाना है। वकालत समूह एनिमल वेलनेस एक्शन के वेन पैकेले ने कहा, 'जो वन्यजीवों के रक्षक हैं वही अब उत्पीड़क बन रहे हैं।' उन्होंने भविष्यवाणी की कि यह योजना विफल होगी क्योंकि इससे बार्ड उल्लुओं को रोका नहीं जा सकेगा। अधिकारियों का कहना है कि अगले बसंत से उल्लुओं को मारना शुरू कर दिया जाएगा।

### विलुप्त होने की कगार पर उल्लू

खतरे में पड़ी स्पॉटेड उल्लुओं की प्रजाति के संरक्षण के लिए दशकों से प्रयास किया जाता रहा है। इन प्रयासों में उन जंगलों की रक्षा पर ध्यान केंद्रित किया गया, जहां वे रहते हैं। इससे जंगलों की कटाई को लेकर झगड़े भी पैदा हुए, लेकिन पक्षियों की गिरती संख्या को धीमा करने में मदद मिली। अधिकारियों का कहना है कि हाल के वर्षों में बार्ड उल्लुओं का आना लगातार इस प्रयास को कमजोर कर रहा है। संभव है कि अगर स्पॉटेड उल्लुओं को नहीं बचाया गया तो वह पूरी तरह विलुप्त हो जाएंगे।

## सूडान के अल फशर पर अर्धसैनिक बलों के हमले में 32 घायल

# आरएसएफ के हमले में 15 की मौत

**एजेंसी** | खार्तूम

पश्चिमी सूडान में उत्तरी दारफुर राज्य की राजधानी एल फशर के एक बाजार में अर्धसैनिक रैपिड सपोर्ट फोर्स (आरएसएफ) के तोपखाने हमले में 15 लोग मारे गए, जबकि 32 लोग घायल हो गए।



उत्तरी दारफुर राज्य के स्वास्थ्य मंत्रालय के महानिदेशक इब्राहिम खतिर ने बताया कि सभी मृत और घायल नागरिक थे। उन्हें एल फशर में अल-मवाशी (पशुधन) बाजार को निशाना बनाया गया था। उत्तरी दारफुर राज्य की राजधानी एल फशर में 10 मई से भीषण झड़पें हो रही हैं। यह 15 अप्रैल, 2023 के बाद से देश भर में सूडानी सशस्त्र बलों और आरएसएफ के बीच व्यापक संघर्ष की नवीनतम वृद्धि है। पिछले महीने मानवीय मामलों के समन्वय के लिए संयुक्त राष्ट्र कार्यालय के नवीनतम अपडेट के अनुसार, इस घातक संघर्ष ने अब तक कम से कम 16,650 लोगों की जान ले ली है।




सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl